दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्ष :-04
अंक:-263
मुरादाबाद
13 January 2025
(Monday)
पृष्ठ:-08
मूल्य:- 3.00 रुपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## 'स्वामी विवेकानंद को युवाओं पर बहुत भरोसा था, मुझे उनकी बात पर पूरी आस्था'; देशवासियों से बोले पीएम



विकसित भारत युवा नेता संवाद 2025 को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, मुझे विश्वास है कि भारत की युवा शक्ति भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाएगी। उन्होंने कहा, डेटा की गणना करने वाले लोग सोच सकते हैं कि यह असंभव है, लेकिन मैं जानता हूं कि यह लक्ष्य भले ही बड़ा हो, असंभव नहीं है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज पूरा देश स्वामी विवेकानंद को याद कर रहा है, उन्हें नमन कर रहा है। स्वामी विवेकानंद को देश के युवाओं पर बहुत भरोसा था। पीएम मोदी ने कहा, स्वामी जी कहते थे कि मुझे युवा पीढ़ी पर भरोसा है, नई पीढ़ी पर भरोसा है। स्वामी जी कहते थे, मेरे कार्यकर्ता युवा पीढ़ी से आएंगे... जैसे विवेकानंद जी को आप पर भरोसा था, मुझे भी विवेकानंद जी पर भरोसा है। मुझे उनकी कही हर बात पर भरोसा है। बकौल प्रधानमंत्री मोदी, स्वामी विवेकानंद ने भारत के युवाओं के लिए जो भी सोचा और कहा है, उस पर मुझे पूरी आस्था है।भारत आज कितने की सेक्टर्स में अपने लक्ष्यों को तय समय से भी पहले हासिल करके दिखा रहा है। बड़े लक्ष्य रखना और उन्हें हासिल करना, ये सिर्फ किसी एक सरकारी मनशीनरी का काम नहीं है। बड़े लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राष्ट्र के हर एक नागरिक का जुटना जरूरी है। भारत के युवा की सोच का विस्तार आसमान से भी ऊंचा है। विकसित भारत में हम क्या और कैसा भारत देखना चाहते हैं? यह भारत विकसित यानी आर्थिक, सामरिक, सामाजिक और सांस्कृतिक रूप से सशक्त होगा। हमारे सामने 25 साल का स्वर्णिम अवसर है। ये अमृतकाल है और मैं पूरी तरह से आत्मविश्वास से भरा हूं। भारत की युवा शक्ति विकसित भारत का सपना जरूर साकार करेगी।पीएम मोदी ने कहा, अगर हमारे हर निर्णय, कदम और नीति का मार्गदर्शन विकसित भारत का विचार करे तो दुनिया की कोई भी ताकत हमें विकसित होने से नहीं रोक सकती। उन्होंने कहा कि आज भारत के युवाओं की ऊर्जा ने भारत मंडपम को जोश से भर दिया है।प्रधानमंत्री ने कहा, समय के चक्र को देखिए। इसी भारत मंडपम में, जहां आप सब एकत्र हुए हैं,

वैश्विक नेता विश्व के भविष्य पर चर्चा कर रहे थे। यह मेरा सौभाग्य है कि मैं आज उसी स्थान पर हूं, जहां देश के युवा भारत के अगले 25 वर्षों का रोडमैप तैयार कर रहे हैं। अपना संस्मरण सुनाते हुए पीएम मोदी ने कहा, कुछ महीने पहले, मैं अपने निवास पर युवा एथलीटों के एक समूह से मिला, और उनमें से एक ने खड़े होकर कहा, मोदी जी, आप दुनिया के लिए भले ही प्रधानमंत्री हों, लेकिन हमारे लिए प्रधानमंत्री का मतलब परम मित्र है। मुझे आप पर बहुत भरोसा है। यह विश्वास ही है जो विकसित भारत युवा नेता संवाद को आगे बढ़ाता है। मेरा विश्वास है कि भारत के युवाओं की ताकत से भारत जल्द ही एक विकसित राष्ट्र बनेगा।पीएम मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित संवाद कार्यक्रम-

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को भारत मंडपम पहुंचे। यहां उन्होंने 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' में प्रतिभागियों के साथ मुलाकात की। कार्यक्रम बिना किसी राजनीतिक संबंध वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में लाने के उनके प्रयासों के तहत आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद की जयंती के मौके पर होने वाले राष्ट्रीय युवा दिवस पर आयोजित किया जा रहा है।कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने युवाओं से 2047 के विकसित भारत के रोड मैप पर उनके विचारों को जानने की कोशिश भी की। भारत मंडपम में आयोजित राष्ट्रीय युवा महोत्सव में प्रधानमंत्री ने युवाओं के साथ महिला सशक्तिकरण, विकसित भारत, डिजिटल भारत, खेलों में श्रेष्ठता जैसे 10 विषयों पर प्रेजेंटेशन भी देखे। कार्यक्रम में देश निर्माण के 10 विषयों पर 2047 में विकसित भारत के लिए उनके विजन को सम्मिलित किया गया। इसे युवाओं की राजनीति की पाठशाला कहा जा सकता है।सरकार के मुताबिक इस आयोजन का मकसद युवा नेतृत्व का विकास करना है, जो देश के विकास के विजन को प्रमुखता देते हुए राजनीति में आगे बढ़े इस युवा महोत्सव को युवा के लिए युवाओं द्वारा युवा संकल्प के साथ पेश किया गया है। यह केवल एक आयोजन नहीं बल्कि अभियान है, युवाओं को सशक्त करने, उनकी नेतृत्व क्षमता व्यावहारिक विचार जो कि विकसित भारत की परिकल्पना के अनुरूप है। युवाओं को महोत्सव में उनकी योग्यता के अनुरूप प्रमाणपत्र दिया जाएगा। इस बार राष्ट्रीय युवा महोत्सव सांस्कृतिक आदान-प्रदान और युवा ऊर्जा का प्रतीक रहा है, देश निर्माण और विकास के विजन में भी सम्मिलित हो रहा है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार, संस्कृति और अन्य चीजों के प्रति काफी जुनून- भारत मंडपम पहुंचने से पहले पीएम मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि वे विकसित भारत के निर्माण के उद्देश्य से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा करेंगे। उन्होंने कहा कि जिन युवाओं से उनकी मुलाकात होगी, उनमें विज्ञान, प्रौद्योगिकी, नवाचार, संस्कृति और अन्य चीजों के प्रति काफी जुनून है। बयान में कहा गया है कि आयोजन का उद्देश्य राष्ट्रीय युवा महोत्सव को पारंपरिक तरीके से आयोजित करने की 25 साल पुरानी परंपरा को तोड़ना है। यह बिना किसी राजनीतिक संबद्धता वाले एक लाख युवाओं को राजनीति में शामिल करने और उन्हें विकसित भारत के विचारों को वास्तविकता के धरातल पर उतारने के संबंध में हैं। इससे पहले, विकसित भारत युवा नेता संवाद के दूसरे दिन विभिन्न क्षेत्रों की दिग्गज हस्तियों ने भारत मंडपम में जुटे युवाओं को बताया कि टेक्नोलॉजी आज की महती जरूरत है। इसलिए उन्हें इसमें खुद को लगातार अपग्रेड करना होगा। विकसित भारत के रोडमैप पर चर्चा के दौरान युवाओं से भारत को स्टार्टअप राजधानी बनाने का आह्वान भी किया गया।

## मिल्कीपुर उपचुनाव: 'गन पॉइंट पर गड़बड़ हो तो जो निर्णय लेना हो लें...', अखिलेश ने कार्यकर्ताओं को दी खुली छूट




मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं को खुली छूट दी है। कहा कि यदि गन पॉइंट पर गड़बड़ हो तो कार्यकर्ताओं को जो निर्णय लेना हो लें.. ।यूपी की राजधानी लखनऊ में रविवार को समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने प्रेस वार्ता की।

उन्होंने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर लोगों को संबोधित किया। कहा कि स्वामी विवेकानंद ने कहा था कि धर्म से ज्यादा रोटी की जरूरत है। गरीब को धार्मिक बात समझाना गलत होगा अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर उपचुनाव पर सरकार को घेरा। कहा कि मिल्कीपुर चुनाव में गन पॉइंट पर गड़बड़ की गई तो मैं अपने कार्यकर्ताओं से कहूंगा, उस समय जो फैसला ले सकते हैं लें। मजबूत दल का साथ दिया जाना चाहिए-

सपा मुखिया ने कहा कि इस बात को अपने मन में रखें, इंडिया गठबंधन मजबूत है और मजबूत रहेगा। जिस राज्य में भाजपा के खिलाफ जो क्षेत्रीय दल मजबूत है, उसका साथ दिया जाना चाहिए। कन्नौज हादसे पर सरकार को घेरा-

इससे पहले सपा मुखिया ने कन्नौज में रेलवे स्टेशन पर हुए हादसे को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करके लिखा कि, रेलवे विभाग का हादसा भाजपा के महा भ्रष्टाचार के महालालच के कारण हुआ है। उन्होंने कमीशन लेकर ठेका देने का आरोप लगाया। कहा कि ठेकेदार ठेका लेकर किसी और को ठेका दे देते हैं। बिना काम किए अपना लाभ कमाकर निकल जाते हैं। ऐसे में आधे से भी कम बचे पैसों में थर्ड क्लास जानलेवा निर्माण कार्य ही होंगे। जिनमें न तो क्वॉलिटी होगी, न ही सिक्योरिटी का ध्यान रखा जाएगा। घायल के परिवारों को तत्काल मुआवजा दे सरकार-

अखिलेश ने कहा कि इसी के चलते गुणवत्ता और सुरक्षा दोनों की बुरी तरह उपेक्षा होती है। जिसके परिणामस्वरूप ऐसे हादसे होंगे। सपा मुखिया ने मांग की है कि भाजपा सरकार इस हादसे का जिम्मेदार अपने को मानते हुए, घायल के परिवारों को तत्काल मुआवजा देने का एलान करे।

### संक्षिप्त समाचार

#### परीक्षाओं में पारदर्शिता होनी ही नहीं, दिखनी भी चाहिए, पेपर लीक पर उपराष्ट्रपति चिंतित

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के 25वें राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर सेवानिवृत्ति के बाद भर्ती और सेवा विस्तार देने की प्रवृत्ति छोड़ने की जरूरत भी बताई। उन्होंने सेवा विस्तार को अपनी बारी का इंतजार कर रहे प्रतिभाशाली लोगों के साथ अन्याय बताया। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि परीक्षाओं और साक्षात्कारों के संचालन में सार्वजनिक जवाबदेही और पारदर्शिता न केवल होनी चाहिए, बल्कि दिखनी भी चाहिए। उन्होंने राज्य लोक सेवा आयोगों के अध्यक्षों के 25वें राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर सेवानिवृत्ति के बाद भर्ती और सेवा विस्तार देने की प्रवृत्ति छोड़ने की जरूरत भी बताई।उपराष्ट्रपति ने सेवा विस्तार को अपनी बारी का इंतजार कर रहे प्रतिभाशाली लोगों के साथ अन्याय बताया। उन्होंने कहा कि विस्तार दर्शाता है कि कुछ लोग अपरिहार्य हैं, लेकिन अपरिहार्यता एक मिथक है। इस देश में प्रतिभा की भरमार है। कोई भी अपरिहार्य नहीं है। राज्य और केंद्रीय स्तर पर लोक सेवा आयोगों को ऐसी स्थितियों में अपनी भूमिका को लेकर दृढ़ रहना चाहिए।उन्होंने यह भी कहा, लोक सेवा आयोगों में नियुक्ति संरक्षण या पक्षपात से प्रेरित नहीं हो सकती। हमें अपनी अंतरात्मा के सामने खुद को जवाबदेह ठहराना चाहिए। किसी विशेष विचारधारा या व्यक्ति से जुड़ा नहीं रख सकते।

## एक घंटे पहले तक नई दिल्ली घोषणा-पत्र पर नहीं बन पाई थी सहमति, पीएम मोदी के कहने पर शेरपा ने संभाला मोर्चा




जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले ही दिन आम सहमति से पारित हुए नई दिल्ली घोषणा-पत्र को लेकर बड़ा दावा किया गया। शेरपा अमिताभ कांत की किताब में लिखा गया है कि नई दिल्ली घोषणा-पत्र के सिद्धांतों से लेकर अंतिम सहमति तक पहुंचने तक का सफर बिल्कुल आसान न था। सम्मेलन शुरू होने से एक घंटे पहले तक इस पर आम सहमति नहीं बन पाई थी। जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले ही दिन आम सहमति से पारित हुए नई दिल्ली घोषणा-पत्र को लेकर बड़ा दावा किया गया। भारत के शेरपा अमिताभ कांत की किताब में लिखा गया है कि जी- 20 शिखर सम्मेलन शुरू होने से एक घंटे पहले तक नई दिल्ली घोषणा-पत्र पर आम सहमति नहीं बन पाई थी। पीएम मोदी लगातार इसका अपडेट ले रहे थे।नौ सितंबर 2023 को सम्मेलन शुरू होने से एक घंटे पहले जब पीएम को घोषणा-पत्र की स्थिति को लेकर बताया गया कि कुछ मुद्दों पर मामला अटका है, तो उन्होंने कहा कि बस आम सहमति बननी चाहिए। इसके बाद शेरपा अमिताभ कांत ने तुरंत मोर्चा संभाला और तुरंत अन्य शेरपाओं के साथ बैठक की। इसका नतीजा रहा कि सम्मेलन के पहले ही दिन नई दिल्ली घोषणा-पत्र पर आम सहमति बन गई।जी-20 शिखर सम्मेलन में नई दिल्ली घोषणा-पत्र पर आम सहमति बनने के पीछे की कहानी शेरपा अमिताभ कांत ने अपनी किताब हाउ इंडिया स्केल्ड माउंट जी-20÷ द इनसाइड स्टोरी ऑफ द जी-20 प्रेसीडेंसी में लिखी है। उन्होंने लिखा कि नई दिल्ली घोषणा-पत्र के सिद्धांतों से लेकर अंतिम सहमति तक पहुंचने तक का सफर बिल्कुल आसान न था। 250 द्विपक्षीय बैठकों में 300 घंटों की बातचीत के बाद भी घोषणा-पत्र में संशोधन होते रहे। आपत्तियां आती रहीं। सभी देश इन बातचीत के महत्व और गंभीरता के महत्व को समझ रहे थे, लेकिन आम सहमति बनना दूर की कौड़ी लग रहा था। पीएम मोदी रखे थे पूरी नजर- किताब में कांत ने लिखा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी घोषणा-पत्र की स्थिति पर पूरी नजर रखे हुए थे। उन्होंने पूरे घटनाक्रम की जानकारी थी। साथ ही उन्होंने मुझे हर दो घंटे में स्थिति से अवगत कराने के लिए कहा था। हम उन्हें जैसा अपडेट देते तो उनकी ओर से सलाह मिलती। इसका फायदा हुआ कि हमें वार्ता की रूपरेखा बनाने और प्रगति जानने में मदद मिलती रही। रूस नहीं हो रहा था राजी- कांत ने कहा कि यूक्रेन मुद्दे को लेकर दिल्ली घोषणा-पत्र पर आम सहमति का मामला अटका हुआ था। रूस प्रतिबंध शब्द शामिल करने पर जोर दे रहा था। इसे लेकर मैंने ढाई घंटे तक रूसी संघ के विदेश मामलों के उप मंत्री अलेक्जेंडर पैनकिन के साथ बातचीत की। इस दौरान उनको अपने प्रस्ताव पर दोबारा विचार करने के लिए राजी किया। रूस का दांव बहुत ऊंचा था। क्योंकि अगर उसका प्रस्ताव मान लिया जाता तो वह अगल-थलग पड़ जाता और उसके खिलाफ वोट पड़ते। हमने रूस के प्रतिनिधि को बताया कि यह संभव नहीं है और अन्य देश इसके लिए तैयार नहीं होंगे। वहीं वार्ता के दौरान जी-7 देश भारत पर यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को आमंत्रित करने के लिए दबाव डाल रहे थे, लेकिन हमारा मानना था कि अतिथि सूची केवल जी-20 नेताओं तक ही सीमित रहे।ऐसे माना रूस- कांन ने कहा कि जब रूस अपने प्रस्ताव से हटने को तैयार नहीं था तो मैंने विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर से सलाह ली। इसके बाद मैंने रूसी वार्ताकार को बताया कि अगर वे सहमत नहीं हुए तो प्रधानमंत्री मोदी के भाषण के बाद पहले वक्ता जेलेंस्की होंगे। यह साहसिक और दृढ़ वार्ता रणनीति अंततः काम आई और रूस ने झुकना स्वीकार कर लिया।अमेरिका और चीन के बीच टकराव बना बाधा कांत ने नई दिल्ली घोषणा-पत्र पर आम सहमति बनाने से पहले आई एक और बाधा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रूस के बाद चीन ने अमेरिका के साथ द्विपक्षीय टकराव के चलते आम सहमति से इनकार कर दिया। चीन का कहना था कि 2026 में जी-20 शिखर सम्मेलन अमेरिका में होगा। अमेरिका उन्हें वीजा नहीं देगा, यहां तक कि हांगकांग में उनके गवर्नर के लिए भी नहीं। चीन ने कहा कि जब तक उन्हें लिखित गारंटी नहीं मिल जाती कि उन्हें वीजा जारी किया जाएगा, तब तक सहमत नहीं होंगे। एक घंटे पहले पीएम बोले आम सहमति बनाना जरूरी- शेरपा अमिताभ कांत ने किताब में लिखा कि नौ सितंबर को जी-20 शिखर सम्मेलन की बैठक शुरू होने से पहले पीएम मोदी भारत मंडपम आए थे। मुझे उनको घोषणा-पत्र की प्रगति के बारे में बताना था। जब मैंने उनको अमेरिका और चीन के मुद्दे के बारे में बताया तो वे थोड़ा रुक गए। पीएम ने कहा कि बहुपक्षीय बैठक में द्विपक्षीय मुद्दे क्यों उठाए जा रहे हैं? चीन को तैयार किया- इसके बाद एक ओर नौ बजे सुबह जी-20 देशों के नेताओं की बैठक शुरू हुई तो वहीं दूसरी ओर हॉल से सटे कमरे में मैंने दोनों देशों के शेरपाओं से बात की।

## संपादकीय Editorial

# Election Commission's reply

The Election Commission has announced the dates for the assembly elections in the capital Delhi. The political temperature will continue to rise. BJP has a lot at stake, because it has been out of power in the semi-state of Delhi for 26 years. This time too, Prime Minister Modi's picture has been printed on BJP's election posters. It is clear that the party does not have any leader worthy of the chief minister's face. Seeking votes for a semi-state on the Prime Minister's face is incoherent and political weakness. On the other hand, Kejriwal and Aam Aadmi Party (AAP) are seeking mandate for power for the fourth consecutive time, but the stain of corruption has also emerged on these 'hardcore honest' faces. Big leaders, MPs, MLAs including AAP's national convener Kejriwal have been to jail, so AAP's election campaign is questionable, but Kejriwal is not out of the election race. Actually, Delhi is a highly educated, prosperous and aware metropolis. The literacy rate here is 88 percent. The per capita income is Rs 4.6 lakh per annum. Delhiites have around 1.70 crore smart phones and more than 70 percent people use the internet. It is obvious that the mandate of Delhi is different from any normal state or region. Before announcing the dates of such elections, the Election Commission thought it appropriate to answer many questions, objections, doubts and balloons of lies, because the Commission is accountable to the country and giving clarification is also its constitutional priority. Most of the allegations have been made by the Congress and some mandates have been termed as 'EVM election'. 'AAP' has also alleged that names have been added or deleted from the voter list in Delhi. Chief Minister Atishi herself has written a memorandum to the Election Commission that the names of more than 6000 voters have been deleted in Kejriwal's constituency 'New Delhi Assembly'. This has been done in some other constituencies as well. Since the image and role of the Election Commission has become tainted and questionable and it has started being called 'Election Commission of BJP', it was very important to give clarification. Chief Election Commissioner Rajiv Kumar once again gave clarifications on EVM. Although the Supreme Court has already given a detailed judgment on this issue. Still the CEC clarified that EVM is completely transparent. It cannot be hacked. No election result can be influenced by putting a virus in it. The CEC has rejected the allegations of any kind of tampering and the possibility of illegal votes. He said that stop flying 'balloons of lies'. EVM is opened in front of the agents of political parties, election symbols are inserted and the machine is prepared seven days before the polling. EVM is a foolproof machine. It is sealed after the polling. Counting is done with Form 17-C. This form is given to the agents after the polling is over. It contains the record of the voting done at that polling station. In this way, complete transparency is maintained during polling and counting. The CEC said that adding or deleting names in the voter list is very difficult, because there is an established system and process for this work. The name of even a deceased person cannot be removed from the list without filling Form-7. 70 stages are adopted in preparing the voter list and candidates and political parties are kept in each stage. Such clarification by the Election Commission is commendable. Still, if someone has doubts, then even Hakeem Lukman Ali does not have a cure for it.

# Tirupati stampede accident is a lesson for Prayagraj Mahakumbh

Historically, stampedes have occurred many times in India at religious places and especially in Kumbh Melas. For example, 430 people died during the Kumbh Mela in Haridwar in 1820. Dozens of devotees also died in the Kumbh Mela of Allahabad in 1906 and 1986. Our country has a long history of stampedes and large-scale loss of life at religious places, yet instead of learning lessons from the past, this trend continues. The latest example of stampede at religious places is that of Tirumala Tirupati Devasthanam, which is a big lesson for Prayagraj Mahakumbh. It should be hoped that there will be strong arrangements for crowd control in Prayagraj so that this mega event in which several crores of devotees are to participate, is completed peacefully and without any hindrances. Organisers should keep in mind that keeping the crowd safe and comfortable is more important than gathering it. Long history of stampedes at religious places - Historically, stampedes have occurred many times at religious places in India, especially at Kumbh Melas. For example, 430 people died during the Kumbh Mela in Haridwar in 1820. Dozens of devotees also died at the Kumbh Mela in Allahabad in 1906 and 1986. The most horrific stampede occurred at the 1954 Allahabad Kumbh Mela, in which 500 to 800 devotees were killed and more than 1000 were injured. Other notable incidents include the 2013 Allahabad Kumbh Mela, where 36 people were killed at the railway station, and the 2008 Naina Devi temple accident, in which 146 people died. Stampede accidents continue- Recently, on 8 January 2025, a stampede occurred at Lord Venkateswara Temple in Tirupati, in which several people died and more than 40 were injured. Earlier, 12 people were killed in a stampede at Vaishno Devi Temple in 2022. In 2016, 106 people died and 383 were injured in a major accident at Puttingal Devi Temple in Kerala. Similarly, in 2013, 115 devotees were killed and more than 110 were injured in a stampede at Ratangarh Mata Temple, Madhya Pradesh. Such incidents also occurred at Ujjain Simhastha Kumbh Mela in 2016 and Chamunda Devi Temple in Jodhpur in 2008. There was also an incident of stampede at Balaji Temple in Hathras in 2017, in which many people were injured. This incident was the result of the negligence of the administration and temple management, where adequate crowd control measures were not taken. Such incidents clearly indicate that crowd management and emergency services need to be improved. 45 crore bathers expected to attend Maha Kumbh- According to estimates by the Press Information Bureau, Government of India and the Government of Uttar Pradesh, about 45 crore bathers are expected to attend Maha Kumbh 2025. Managing such a huge crowd and ensuring security in such a mega event is a big challenge. The lessons learned from Tirupati and other events can be used to ensure the success of this event. First of all, the administration should prepare a comprehensive crowd management plan. Detailed assessment of crowd flow and use of advanced technologies such as AI-based surveillance and real-time monitoring systems can be helpful in crowd control. Some important measures for crowd control- Infrastructure improvements such as construction of temporary bridges, arrangement of wide routes, and construction of dedicated lanes for emergency vehicles can help in crowd management. Apart from this, it is also very important to have a strong communication system. Clear instructions can be given through the public announcement system. Multilingual messages can be disseminated using mobile apps, SMS and social media. Some of the key crowd management measures can be: Planning and simulation: Assessing the likely crowd flow before large events and testing the arrangements through mock drills. Clear traffic flow: Provision of one-way routes for devotees and dedicated paths for emergency vehicles. Use of technology: Use of CCTV cameras, drones and AI-based monitoring systems to control and track crowds. Emergency services: Deployment of first aid centres, ambulances and trained rapid response teams. Education and awareness: Educating devotees about safety protocols and ways to respond in emergencies. Involvement of volunteers: Training local volunteers and security personnel in crowd management. Ensuring coordination between government bodies, temple management, local police and volunteers is extremely important for a successful event. Volunteers should be trained in crowd psychology and first aid so that they can effectively help in emergencies. Public awareness is also very important - devotees often consider crowding as a part of the spiritual experience and are hesitant to follow safety protocols. To change this mindset, awareness campaigns are needed that explain that collective safety depends on individual responsibility. It is important to explain that a little vigilance and discipline can save countless lives. Maha Kumbh 2025, because of its scale, offers an opportunity to set a global standard for safety and inclusiveness. If we learn from the Tirupati tragedy and other incidents and adopt innovation, we can not only protect human lives but also make religious events more secure. We can also maintain the dignity and importance of the Maha Kumbh. The purpose of religious events is to experience spirituality and peace, not to face fear and chaos. Security is not only the responsibility of the administration Tirupati and other incidents warn us that negligence in crowd management can have serious consequences. The success of Maha Kumbh 2025 will depend on how efficiently we are able to implement these lessons. It is not only the responsibility of the administration, but it is the responsibility of every devotee to follow the rules and take care of the safety of others. Making religious events fear-free and safe is a symbol of true faith

# Timur Lang was a dark chapter in history, he built a tower of severed heads in Delhi

Despite his physical weakness, this cruel ruler established his vast empire in Central Asia, West Asia, South Asia and parts of Europe on the basis of his intelligence, diplomacy and military skills. It was the year 1363. A man named Timur was trying to loot a flock of sheep. In this fight, arrows hit his right leg and right hand. Due to this injury, he became disabled. Due to his disability, people started calling him Timur e Lang (Lame Timur). We are talking about the cruel ruler Timur e Lang who lived between 1336-1405. Despite his physical weakness, this cruel ruler established his vast empire in Central Asia, West Asia, South Asia and parts of Europe on the basis of his intelligence, diplomacy and military skills. He strengthened his power on the basis of his cruelty. Born in Samarkand in 1336- Timur Lang was born in Samarkand in 1336.

This area is now known as Uzbekistan. Timur Lang was born in a very simple family. He was a petty thief. Timur used to steal sheep in the plains and mountainous areas of Central Asia at that time. Timur was very sharp minded and a skilled strategist. Whenever he attacked another tribe or village and whatever he won from there, he would distribute it among his people. This resulted in him winning the trust of the people of his community. Due to this many people joined him. Timur Lang created a large army with his skill and sharp mind. Timur's military campaigns- After this Timur started military campaigns on a large scale. First he won Persia, then Iraq, Khorasan, Kurdistan, Mamluk, Egypt. After all this, it set its eyes on India, at that time Nasiruddin Mahmud used to rule India. Nasiruddin Mahmud was the ruler of the Tughlaq dynasty.

Weakening of the Delhi Sultanate- However, after the death of Firoz Shah Tughlaq, there was political instability in the Delhi Sultanate. Within 10 years of the death of Firoz Shah Tughlaq, five emperors, their sons and their grandsons ruled Delhi. This weakened the political power of Delhi. This was the time when any external invader could easily attack Delhi, at that time India was known for its immense treasure, wealth and resources. Timur Lang had his eyes on this. Meanwhile, in the year 1398, Timur Lang attacked Delhi. Timur's attack on Delhi- It is said that about 90 thousand soldiers had gathered in Samarkand to attack Delhi. The entire city was covered in dust due to the gathering of such a large number of soldiers. Reaching Delhi from Samarkand was not an easy task. There was a difficult climb of Hindukush hills on the way.

Not only this, there were many rivers, rocky paths and deserts on the way, through which they had to pass. It was not an easy task to make this difficult journey with such a large army and its squads. However, Timur attacked Delhi from Samarkand with his 90 thousand soldiers and squads. The path was not easy, while climbing the Hindukush hills, many of his horses lost their lives on the way. Timur Lang captured about 1 lakh Hindu people on the way during this time. Before attacking Delhi, he set up his camp in Loni. 1 lakh Hindus were brutally killed - There were about 1 lakh Hindu prisoners with Timur's army. Timur was afraid that if he attacked Mallu Khan's soldiers, then the 1 lakh Hindu prisoners accompanying him would encourage them or could revolt against him. Due to this fear, Timur ordered to kill all these prisoners. After this, about 1 lakh Hindus were killed with great cruelty. David Price has mentioned in his book that there is no other example of such cruelty in the history of humanity. After this, Timur's army attacked Delhi. Delhi's 10 thousand horsemen, about 40 thousand soldiers, 120 elephants were ready to stop Timur's attack. Ultimately, Timur Lang's army won the war. After this victory, his cruel army carried out a horrific massacre in the entire city. There were piles of corpses on the streets, rivers of blood were flowing in the houses. In this war, Timur's army killed thousands of people and looted the cities. Be it humans, children or old people, no one was spared. This attack caused huge devastation and the economy of the entire city was ruined. During this time, Timur looted a lot of wealth, treasures and resources and went back to Samarkand. Timur Lang's attack on Delhi is an important and sad chapter in Indian history. It is said that it took Delhi about 100 years to recover from this attack. After conquering many countries, Timur Lang planned to invade China. However, while completing this campaign, he became very ill. He died due to this disease in the year 1405. After his death, Timur Lang was buried in Samarkand. This is how this cruel ruler ended.

## चार युवकों पर स्ट्रीट डॉग को छत से फेंककर हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज, मेनका गांधी के हस्तक्षेप के बाद हरकत में आई पुलिस

### , संस्था पीपुल फॉर एनिमल की अध्यक्ष की तहरीर पर हुई कार्रवाई

मुरादाबाद। मझोला थाना क्षेत्र में चार युवकों ने बीती 4 जनवरी को एक स्ट्रीट डॉग को चौथी मंजिल से फेंक कर मार डाला। इस मामले में पूर्व सांसद मेनका गांधी की संस्था पीपुल फॉर एनिमल की अध्यक्ष की तहरीर पर मझोला थाना पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना मझोला के नया मुरादाबाद सेक्टर 15ए टावर 11 निवासी करुणा शर्मा पशुओं के लिए काम करने वाली मेनका गांधी की संस्था पीपुल फॉर एनिमल की अध्यक्ष हैं। करुणा शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 4 जनवरी 2025 को सुबह लगभग 11.35 बजे गली में घूमने वाला एक कुत्ता बिल्डिंग की छत पर चला गया था। आरोप है कि चार युवकों ने उस कुत्ते को टावर की चौथी मंजिल की छत से नीचे फेंक दिया। ऊंचाई से गिरने के कारण स्ट्रीट डॉग की मौके पर ही मौत हो गई। करुणा शर्मा के अनुसार जिस समय यह घटना हुई उस समय उनकी संस्था के कुछ सदस्य घर पर आए हुए थे। आवाज सुनकर सभी जीने की ओर भागे तो देखा स्ट्रीट डॉग की हत्या करने वाले चारों युवक भाग कर अपने फ्लैट में घुस गए। करुणा शर्मा की सूचना पर उसी दिन पुलिस ने पहुंच कर स्ट्रीट डॉग के शव का पोस्टमार्टम कराया और उसे गड्ढा खुदवा कर दफना दिया। जिसके बाद करुणा शर्मा ने पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि हिमांशु यादव और उसका भाई दवाओं का काम करते हैं। जब यह रात के अंधेरे में दवाओं की गाड़ी लाते हैं तो स्ट्रीट डॉग भोंकने लगते हैं। सी से चिढ़कर हिमांशु यादव और उसके साथियों ने जानबूझ कर स्ट्रीट डॉग को छत से फेंक कर उसकी हत्या की है। बताया जा रहा है कि घटना के बाद पुलिस ने तहरीर ले ली थी, लेकिन एफआईआर दर्ज नहीं की थी। जिसके बाद पूर्व सांसद मेनका गांधी ने खुद पुलिस अधिकारियों के पास कॉल करके कार्रवाई की मांग की। जिसके बाद मझोला थाना पुलिस भी हरकत में आ गई। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक मोहित चौधरी ने बताया कि करुणा शर्मा की तहरीर पर आरोपी हिमांशु यादव, हेमापाल, अर्पित जैन और ऋषभ नाम के युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 325 के तहत बेजुबान की हत्या और पशु क्रूरता अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। विवेचना में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी। वहीं दूसरी ओर पीएफए अध्यक्ष करुणा शर्मा का कहना है कि चार युवकों ने स्ट्रीट डॉग की सुनियोजित तरीके से छत से फेंक कर हत्या की है। उन्होंने बताया कि चौथा युवक अभिनव है, लेकिन तहरीर में गलती से ऋषभ नाम दे दिया था। इसे ठीक कराने के लिए पुलिस को प्रार्थना पत्र दे दिया गया है।

## स्वामी विवेकानंद के जीवन आदर्शों से सीख लें युवा, अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने जयंती पर किया नमन

मुरादाबाद। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा की ओर से रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनके जीवन आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। प्रभात मार्केट स्थित उनकी प्रतिमा पर महासभा के जिलाध्यक्ष व नगर निगम के उप सभापति डा. गौरव श्रीवास्तव आदि ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। कहा कि स्वामी विवेकानंद ने भारत की छवि विदेशों में मजबूत की। वह युवा हृदय सम्राट और युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और कायस्थ कुल के गौरव हैं। जिन्होंने भारतवर्ष को सम्पूर्ण विश्व में विश्व गुरु का दर्जा दिलाया। उनकी जयंती पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस दौरान महासभा के जिलाध्यक्ष व नगर निगम के उप सभापति डॉ. गौरव श्रीवास्तव एडवोकेट के अलावा, महासचिव शेखर भटनागर, महासभा के उपाध्यक्ष गिरिराज स्वरूप भटनागर, जिला प्रभारी राकेश कुमार भटनागर, कोषाध्यक्ष दीपक शरण, युवा अध्यक्ष राहुल सक्सेना, उपाध्यक्ष विशाल भटनागर, आकाश भटनागर, मनु माथुर, साहिल सक्सेना, सुबोध नारायण श्रीवास्तव, सत्यम भटनागर, राजेश भटनागर, सुनील सक्सेना, अजय सक्सेना सहित अन्य चित्रांश उपस्थित रहे।



## महाकुंभ को लेकर लोगों में उत्साह, 100 से अधिक बसों की हुई बुकिंग

### महाकुंभ के साथ अयोध्या के श्रीरामलला मंदिर, वाराणसी के काशी घाट और सीतापुर के नैमिषारण्य तीर्थ के लिए करा रहे बसों की बुकिंग

मुरादाबाद। महाकुंभ जाने के लिए महानगर की ट्रैवल एजेंसियों पर हर दिन प्रत्येक एजेंसी पर दो से तीन बसों की बुकिंग और 50 से ज्यादा जानकारी करने के लिए फोन आ रहे हैं। जिले व आसपास के जनपदों समेत ट्रैवल एजेंसियों पर 100 से अधिक बसों की बुकिंग हो चुकी है। वहीं छोटे वाहनों के टैक्सी स्टैंडों पर टैक्सी चालकों से प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए लोग जानकारी करने आ रहे हैं। इसके साथ ही अयोध्या के श्रीरामलला मंदिर, वाराणसी के काशी घाट और सीतापुर के नैमिषारण्य तीर्थ के लिए लोग बसों की बुकिंग करा रहे हैं। ट्रैवल एजेंसी संचालकों के अनुसार 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक काम हल्का रहता था। इस बार महाकुंभ में जाने के लिए बसों की मारामारी हो रही है। 22 सीटर से 65 सीटर तक बसों के रेट बढ़ेंगे। फरवरी तक के महीने की महाकुंभ की बुकिंग हो चुकी हैं। जिले में 25 ट्रैवल एजेंसियां संचालित हैं। जिसमें अधिकांश ट्रैवल एजेंसियां मुरादाबाद-रामपुर रोड पर हैं। ट्रैवल एजेंसियों के मालिकों के अनुसार इस वक्त शादियों का सीजन बंद होने के कारण काम कम रहता है। लेकिन, महाकुंभ के आयोजन से प्रयागराज जाने वाले श्रद्धालुओं से अचानक बसों की डिमांड ने तेजी पकड़ ली है। टूरिस्ट बसों की मांग बढ़ गई है। इसमें रामपुर संभल और अमरोहा जिले से भी लोगों ने फरवरी तक की बुकिंग करा दी है। इसमें कुछ तीन दिन के पैकेज में केवल प्रयागराज महाकुंभ में जाने के लिए बसें बुक करा रहे हैं। तो कुछ बनारस अयोध्या और सीतापुर के लिए भी बुकिंग करा रहे हैं। जिसका 7 से 10 दिन का पैकेज है। इसमें सभी ट्रांसपोर्ट एजेंसियों को मिलाकर टूरिस्ट बसों के अलावा 22 सीटर बसों से लेकर 65 सीटर 100 बसों की बुकिंग अब हो चुकी है। इसके अलावा जिले में 150 से प्राइवेट बसें संचालित हैं। उन्हें भी लोगों ने बुक कराया है। लेकिन, उन बसों को संभागीय परिवहन विभाग से परमिट लेना पड़ेगा। हमारे पास अब तक 8 फरवरी को प्रयागराज , वाराणसी, अयोध्या और सीतापुर जाने के लिए सात दिन के पैकेज पर 52 सीटर दो बसें बुक हो चुकी हैं। हालांकि लोगों के महाकुंभ जाने के लिए बसों और पैसों के बारे में जानकारी करने के लिए 5 से 10 फोन प्रतिदिन आ रहे हैं। -अनवर कमाल, शबाना ट्रांसपोर्ट रामपुर रोड पिछले तीन दिन में सात बसें महाकुंभ प्रयागराज जाने के लिए बुक हो चुकी हैं। जिसमें 3 बसें टांडा से, 1 बस सैफनी से और 3 बसें मुरादाबाद से बुक कराई गई हैं। अभी भी फरवरी के महीने की दो बसों की बुकिंग हुई है।-गौरव कुमार, श्रद्धा ट्रांसपोर्ट रामपुर रोड बिलारी, मुरादाबाद शहर, संभल और अमरोहा जिले से अब तक 12 बसें बुक हो चुकी हैं। महाकुंभ के चलने तक 50 बसें बुक होने का अनुमान है। ऐसे में कुछ बसों को बाहर से भी पहले बुक करना पड़ रहा है। महाकुंभ जाने वालों की भीड़ ठंड कम होते ही बढ़ जाएगी।- सुनील शर्मा, श्रीबाला जी ट्रांसपोर्ट महाकुंभ जाने के लिए 13 बसें जनवरी से लेकर फरवरी तक बुक हो चुकी हैं। जिसमें अभी भी लोगों के फोन आ रहे हैं। 8 से 10 बसों की बुकिंग पैसों की बात पर अटकी है। लेकिन, जल्द ही वह भी बुक हो जाएंगी। - शिवा शर्मा, शिवा ट्रांसपोर्ट महाकुंभ के लिए बस का किराया 65 सीटर बस महाकुंभ के लिए 65 से 70 हजार रुपये तीन दिन 54 सीटर बस महाकुंभ के लिए 50 हजार रुपये तीन दिन 23 सीटर बस महाकुंभ के लिए 40 हजार रुपये तीन दिन

## 14 जनवरी को मनाई जाएगी मकर संक्रांति, सूर्यदेव शनि के स्वामित्व वाली मकर राशि में करेंगे प्रवेश

मुरादाबाद। इस साल सूर्यदेव 14 जनवरी को 8ऱ54 मिनट पर अपने पुत्र शनि की स्वामित्व वाली मकर राशि में आ रहे हैं। शास्त्रों के अनुसार जब सूर्य धनु राशि की अपनी यात्रा को समाप्त करते हुए मकर राशि में प्रवेश करते हैं तब मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है। इस दिन से सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण में आ जाते हैं। उत्तरायण को देवता का दिन कहा जाता है। इस बार मकर संक्रांति 14 जनवरी को सर्वत्र मनाई जाएगी। ज्योतिषाचार्य पंडित केदार मुरारी ने बताया कि इस वर्ष मकर संक्रांति पर खास तरह के शुभ संयोग बन रहे हैं। शुभ संयोग होने से मकर संक्रांति पर दान, स्नान और जप करने का महत्व बढ़ जाता है। इस साल मकर संक्रांति पर पुष्य नक्षत्र रहेगा। इसकी शुरुआत 14 जनवरी को सुबह 10.17 से होगी और समाप्ति 15 जनवरी को सुबह 10.28 पर होगी। पुष्य नक्षत्र के अधिपति शनि देव हैं, वहीं मकर संक्रांति भी शनि देव को समर्पित है। उन्होंने बताया कि मकर संक्रांति पर खरमास भी समाप्त हो रहे हैं, ऐसे में पुष्य नक्षत्र के दिन खरीदारी, मांगलिक कार्य और निवेश के लिए ये दिन बहुत शुभ रहेगा। खिचड़ी खाने के फायदे- मकर संक्रांति के दिन प्रसाद के रूप में खाई जाने वाली खिचड़ी सेहत के लिए काफी फायदेमंद होती है। खिचड़ी से पाचन क्रिया सुचारु रूप से चलने लगती है। इसके अलावा अगर खिचड़ी मटर और अदरक मिलाकर बनाएं तो शरीर के लिए काफी फायदेमंद होता है। यह शरीर के अंदर रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है साथ ही बैक्टीरिया से भी लड़ने में मदद करती है। मकर संक्रांति से बदलता है वातावरण- ज्योतिषाचार्य ने बताया कि मकर संक्रांति के बाद नदियों में वाष्पन की प्रक्रिया शुरू हो जाती है, जिससे कई सारी शरीर के अंदर की बीमारियां दूर हो जाती हैं। इस मौसम में तिल और गुड़ खाना काफी फायदेमंद होता है। यह शरीर को गर्म रखता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि उत्तरायण में सूर्य का ताप शीत को कम करता है।मकर संक्रांति का महत्व- ज्योतिषाचार्य केदार मुरारी ने

## युवाओं को सही दिशा देते हैं शिक्षक, उनके प्रति रखें सम्मान

### स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शिक्षकों व मीडिया के प्रतिनिधियों को किया सम्मानित, अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय छात्र परिषद महानगर ने किया आयोजन

मुरादाबाद। अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय छात्र परिषद महानगर के रविवार को स्वामी विवेकानंद की जयंती दिल्ली रोड स्थित एक बैंक्वेट हाल में मनाया गया। इस अवसर पर शिक्षकों और पत्रकारों को समारोह में सम्मानित किया गया। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय छात्र परिषद के अध्यक्ष डॉ. मुकेश सिंह, मुख्य अतिथि रजनी ठुकराल राष्ट्रीय अध्यक्ष ओजस्विनी व राष्ट्रीय प्रभारी राष्ट्रीय छात्र परिषद ने मार्गदर्शन किया। राष्ट्रीय छात्र परिषद के अध्यक्ष डॉ. मुकेश और शिक्षकों के सम्मान, छात्रों को गुणवत्तायुक्त विषयों पर कार्य कर रहा है। स्वामी विवेकानंद की हुए हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को सही दिशा शिक्षक है। क्योंकि शिक्षक अपनी कलम से शिक्षार्थी को पर जैसी आकृति हो रखी जाएगी वह ऐसा ही हो बहुत बड़ा महत्व है। इसलिए ऐसे युवा दिवस पर आज किया जा रहा है। वहीं संपूर्ण समाज को सही दिशा है, क्योंकि उनकी कलम संपूर्ण समाज में जागृति लाती ठुकराल ने बताया कि आज संपूर्ण भारत के अंदर परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल राष्ट्रीय छात्र परिषद महिला समाज में बढ़ते दुराचार को समाप्त करने के लिए इस भारत के अंदर बहन बेटियों का सबसे मजबूत संगठन युवा दिवस पर शिक्षक बहनों को सम्मानित किया समाज को व नारी को सशक्तिकरण करने में सहयोग प्रधानाचार्यों और 15 पत्रकार बंधुओं का सम्मान मंच



सिंह ने कहा कि परिषद आज देश में छात्रों के अधिकार शिक्षा, छात्रों को शिक्षा के बाद रोजगार जैसे प्रमुख 162वीं जयंती के उपलक्ष्य में हम सभी यहां पर एकत्रित ही दे सकते हैं इसलिए शिक्षकों का सम्मान होना जरूरी सुसज्जित करता है। शिक्षार्थी वह कोरा कागज है जिस जाएगा, इसलिए शिक्षक का शिक्षार्थी के जीवन में राष्ट्रीय छात्र परिषद के द्वारा शिक्षकों को सम्मानित देने वाले पत्रकार का सम्मान होना भी अति आवश्यक है। राष्ट्रीय ओजस्विनी परिषद की राष्ट्रीय अध्यक्ष रजनी बहन बेटियों की रक्षा करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद ओजस्विनी कार्य कर रही है।. बहनों के विरुद्ध संगठन की आवश्यकता पड़ी। इसलिए आज संपूर्ण ओजस्विनी संपूर्ण भारत के अंदर कार्य कर रहा है। जा रहा है। उम्मीद है कि यह लोग हमारे साथ जुड़कर देंगी। कार्यक्रम में 145 विद्यालयों के शिक्षक व से किया गया। इस दौरान रोहन सक्सेना प्रदेश अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल, वंदना शर्मा प्रांत उपाध्यक्ष राष्ट्रीय महिला परिषद, सुरेश गुप्ता, अमित अग्रवाल, अर्पित सक्सेना, स्वाति शर्मा महानगर अध्यक्ष ओजस्विनी, इशांक भारद्वाज, अभिषेक श्रीवास्तव, शिवम प्रजापति, महेंद्र सैनी, दिशांत सैनी, दीप खुराना, जतिन प्रजापति, हर्षल सक्सेना, दीक्षा सक्सेना आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### एक करोड़ की चरस के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

मुरादाबाद। कुंदरकी - एक करोड़ की चरस के साथ दो लोग



गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल। शनिवार को थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर दो तस्कारों को गिरफ्तार कर लिया। तलाशी में जिनके पास से पुलिस को 2.6 किलोग्राम चरस बरामद हुई है। बरामद हुई चरस की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में करीब एक करोड़ रुपए बताई जा रही है। दोनों तस्करों को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार किया है जब वह थाना क्षेत्र में तस्करी के लिए चरस लेकर जा रहे थे।गिरफ्तार किए गए दोनों तस्करों को पुलिस ने चरस सहित थाने ले आई और गहनता से पूछताछ की, पकड़े गए तस्करों का आपराधिक इतिहास भी खंगाला गया। अभी तक पुलिस द्वारा की गई जांच पड़ताल में एक तस्कर का नाम मुम्तियाज पुत्र शब्बीर निवासी मोहल्ला ख्वाजा नगर ब्लॉक, कस्बा व थाना कुंदरकी जबकि दूसरे का नाम अब्दुल हकीम पुत्र अल्लादीन निवासी गांव गुरेर थाना मैनाठेर जिला मुरादाबाद निकलकर सामने आया है। पुलिस द्वारा पकड़े गए अभियुक्तों के खंगाले अपराधिक इतिहास में अब्दुल हकीम पर कुंदरकी थाने में पशु क्रूरता अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज होने के साथ-साथ मैनाठेर थाने में गोवध अधिनियम के तहत पूर्व में दो मामले दर्ज होने पाए गए हैं।

### झोलाछाप के गलत इलाज से महिला की मौत, परिजनों ने की तोड़फोड़...थाने में काटा हंगामा

मुरादाबाद। झोलाछाप के गलत इलाज से महिला की मौत हो गई। महिला की मौत से गुस्साए परिजनों ने थाने में हंगामा काट



दिया। हंगामा काटने के दौरान ही कुछ परिजन झोलाछाप के क्लीनिक पर पहुंच गए। क्लीनिक पर पहुंचकर जमकर तोड़फोड़ कर दी। तोड़फोड़ की सूचना पर तुरंत मौके पर पुलिस पहुंची। पुलिस को देख सभी लोग वहां से भाग गए। नगर पंचायत पाकबड़ा के वार्ड नंबर-1 पाट वाली मिलक निवासी रजनी पत्नी संजीव का ऑपरेशन डॉ. रिषिपाल बड़ा मंदिर पर 22 दिसंबर को हुआ था। महिला ने बच्ची को जन्म दिया। उसके बाद डॉक्टर रिशिपाल के यहां से वह लोग अपने घर ले गए। घर पर तबीयत बिगड़ने पर उन्होंने ऋषि पाल से दोबारा कहा तो उसने कहा कि कहीं और ले जाओ। परिजनों ने महिला को टीएमयू में भर्ती करा दिया। जहां इलाज के दौरान 11 जनवरी को उसकी मौत हो गई। महिला की मौत से गुस्साए परिजनों ने रविवार सुबह ही थाना घेर लिया। हंगामा काटने लगे। थाने में तहरीर दे दी। इसी बीच कुछ लोगों ने क्लीनिक पर जाकर तोड़फोड़ कर दी। जैसे ही तोड़फोड़ की सूचना पुलिस को मिली तो पुलिस मौके पर पहुंची।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# थाना बारादरी पुलिस द्वारा डाक्टर को 7 घण्टे डिजिटल अरेस्ट किये जाने की सूचना पर तत्काल कार्यवाही

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली - पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक को इमरान खां नामक व्यक्ति ने सूचना दिया कि उनके चाचा डा0 नजबुल हसन पुत्र स्व मो हसन निवासी फाईक इन्कलेव थाना बारादरी बरेली जिनकी डिस्पेन्सरी पुराना शहर में सूफीटोला थाना बारादरी में संचालित है, आज दोपहर किसी से मोबाइल से बात हुई और बात करते ही घर पर आये एवं बैंक आदि के कागजात लेकर घरवालो को बिना बताये स्कूटी से कही चले गये है फोन करने पर फोन नही उठा रहे है, सूचना प्राप्त होने पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर महोदय द्वारा प्रभारी निरीक्षक थाना बारादरी बरेली को तत्काल सम्बन्धित व्यक्ति के मोबाइल का लोकेशन लेकर ट्रेस करने हेतु कहा गया । थाना बारादरी पुलिस तत्काल प्रभाव से एक्टिव होकर उनके परिजन भतीजे व पुत्री से पूछताछ प्रारम्भ की पूछताछ में यह जानकारी हुई कि डा नजबुल हसन को कही से फोन आया था और बताया गया था कि उनका आधार कार्ड गलत काम हवाला के लेन देन में प्रयोग हुआ है , पूछताछ से यह सम्भावना प्रतीत हुई कि सम्बन्धित व्यक्ति को कही साईबर अपराधियो द्वारा डिजिटल अरेस्ट तो नही कर लिया गया है। इसके बाद मोबाइल नम्बर को सर्विलांस पर लगाकर लोकेशन लिया गया तो लोकेशन होटल कन्ट्री इन पीलीभीत बाईपास रोड के आस पास पाया गया वहां पर तलाश करने पर इनकी स्कूटी मोटर साइकिल कन्ट्री इन होटल के बाहर पार्क होना पायी गयी, होटल में पूछताछ किया गया तो पाया गया कि डा नजबुल हसन द्वारा सोमवार तक के लिए कमरा बुक कराया गया है, जिसका रूम नं0 105 है, होटल स्टाफ को लेकर कमरे को खुलवाने का प्रयास किया गया एवं दरवाजे से कान लगाकर सुना गया तो पाया गया कि कोई व्यक्ति इन्हे वीडियो कॉल पर निर्देश दे रहा है कि दरवाजा मत खोलना बता दो मैं बहुत व्यस्त हू मुझे किसी चीज की आवश्यकता नही है। मास्टर चाबी से भी दरवाजा खोलने का प्रयास किया गया किन्तु सैन्सर ओपन होने के बाद भी सिटिकिनी बन्द होने के कारण दरवाजा नही खुला तब आग लगने की झूठी सूचना फैलाकर काफी प्रयास के बाद दरवाजा खोला गया तो डॉक्टर नजबुल हसन साईबर अपराधी के चंगुल में डिजिटल अरेस्ट पाये गये जिन्हे सोमवार तक के लिए डिजिटल अरेस्ट किया गया था । डा0 नजबुल हसन का ब्रेनवास साईबर अपराधी ने इस तरह कर रखा था कि असली पुलिस की बातो को ही गलत मान रहे थे तथा साईबर अपराधी की बात को सही मान रहे थे, तब तक मौके पर एसपी सिटी भी आ गये उनके द्वारा डा0 नजबुल हसन से पूछताछ कर वार्ता की गयी तो बताया कि आज दोपहर में उन्हे एक फोन आया और बताया गया कि आपका आधार कार्ड मुम्बई में हवाला कारोबार में नरेश गोयल व उसके पार्टनर ने प्रयोग कर कई राज्यो में घोटाला किया गया है जिसकी जांच आरवीआई एवं सीबीआई से की जा रही है, अगर तुम उसमें फंसना नही चाहते हो, तत्काल अपनी पासबुक व अन्य रिकार्ड लेकर कही पर होटल में 3 दिन के लिए शिफ्ट हो जाओ, फोन मत काटना, तुम्हारे घर के पास सीबीआई पंहुच गयी है, जो तुम पर नजर रख रही है। यह बात किसी से मत बताना और जो कहा जाये उसे फॉलो करना । उन्ही के दिये गये निर्देशो के अनुसार में कार्य कर रहा था और यहां होटल में कमरा लेकर करीब 03 घण्टे से हूं। अब तक मैने उनके बताये अनुसार अपने तीन बैंक खातो को डिटेल उन्हे नोट कराया है ,जिसमें लगभग 50 लाख की धनराशि है, उनके द्वारा अब एक मैसेज डालकर बैंक का आईएफसी कोड एवं डिजिटल कोड पूछा जा रहा था जिसे मैं अब बताने वाला था कि आप लोगो ने दरवाजा खुलवा दिया । इस प्रकार सात घण्टे तक डिजिटल अरेस्ट रहे व्यक्ति को लुटने से बचाया गया एवं उसके बैंको में जमा पचास लाख रूपये को सुरक्षित कराया उक्त प्रकरण में डा नजबुल हसन की लडकी तथा भतीजे एवं थाना बारादरी पुलिस की तत्परता एवं सूझबूझ से घटना होने से पहले ही रोक दिया गया



# नागरिक सुरक्षा कोर मासिक बैठक जोगी नवादा में हुई सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली - वार्डन पोस्ट जगतपुर, प्रभाग बारादरी, नागरिक सुरक्षा कोर, बरेली की मासिक बैठक सेक्टर वार्डन सुश्री रामदेई जी के निवास स्थान जोगी नवादा ( संगम हॉस्पिटल के सामने ) बरेली पर आईसीओ डीके शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई! आई सीओ डीके शर्मा ने सभी सम्मानित वार्डन्स से अपील की कि समस्त वार्डन्स अपने अपने सेक्टरों मैं सीपीआर और अग्निशमन आदि के प्रशिक्षण आयोजित करवाये, जिससे कि आमजनता लाभान्वित हो सके! साथ ही साथ यह भी अपील की, कि पशुपति विहार कॉलोनी बरेली मैं कुटुंब रजिस्टर का कार्य चल रहा हैं उसमें भी सभी वार्डस सहयोग करें! बैठक में पोस्ट वार्डन बृजेश गोस्वामी ने समस्त वार्डन्स से अपील की कि सभी वार्डन आगामी त्योहारों जैसे मकर संक्रांति, हजरत अली जयंती, गणतंत्र दिवस आदि पर अपने अपने सेक्टरों में पैनी निगाह रखें, और सभी जनमानस समाज में अपने अपने त्यौहार शान्तिपूर्वक और हर्षोंउल्लास के साथ मनाये जा सके!बैठक मैं पोस्ट वार्डन आरक्षित मोहम्मद सलीम खान ने पोस्ट वार्डन से कहा कि सभी वार्डन्स को अपने साथ लेकर एक गुलदस्ते की तरह चलाना जैसे पूर्व के पोस्ट वार्डन चलाते थे ऐसा करने से पोस्ट को बहुत बल मिलेगा! डिप्टी पोस्ट वार्डन पुष्पकांत शर्मा ने सभी वार्डन्स से कहा कि सभी वार्डन्स बैठक में समय पर आये, समय बहुत कीमती हैं !बैठक मैं मुजीब अंसारी डिप्टी पोस्ट वार्डन ( आरक्षित ) समर अब्बास , राजा , सुनील कुमार वर्मा , मदनलाल प्रजापति , अतुल शर्मा , मोहम्मद हम्माद , सुश्री रामदेई , आदि सेक्टर वार्डन्स, और नेम चंद मौर्य ,फायर फाइटर्स ने अपने अपने विचार प्रस्तुत किये और उपस्थित रहे! बैठक के अंत में पंडित स्वर्गीय राजीव शर्मा चीफ वार्डन जी का दिनांक 25/12/2025 को स्वर्गवास हो गया था, इस उपलक्ष्य में दो मिनट का मौन रख कर सभी ने अपने अपने विचार रखे ।।








# गढ़चिरौली में नितिन गडकरी बोले, 5000 युवा नक्सलवाद छोड़ मुख्यधारा में हुए शामिल

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि, आज करीब 5,000 युवा नक्सलवाद छोड़कर मुख्यधारा में लौट आए हैं। कई लोगों को ड्राइवर, फिटर आदि जैसी नौकरियां मिल गई हैं। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र के गढ़चिरौली में नक्सलवाद में भारी कमी आई है, क्योंकि करीब 5,000 युवा गैरकानूनी आंदोलन छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं। यहीं नहीं उनमें से कई को रोजगार भी मिला है। अहिल्यानगर जिले के शिरडी में भाजपा के राज्य स्तरीय सम्मेलन में उन्होंने कहा कि अगले पांच वर्षों में गढ़चिरौली महाराष्ट्र में सबसे अधिक राजस्व अर्जित करने वाला जिला बन जाएगा।केंद्रीय मंत्री गडकरी ने भाजपा कार्यकर्ताओं से पार्टी की चुनावी सफलता को सार्थक सामाजिक परिवर्तन में बदलने की अपील की। उन्होंने कहा कि पिछले साल के राज्य विधानसभा चुनावों में मिली जीत से %सुराज्य% की स्थापना होनी चाहिए। नक्सल प्रभावित गढ़चिरौली में आए बदलाव पर उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब जिले के कुछ इलाकों का दौरा करना जनप्रतिनिधियों के लिए भी मुश्किल था, लेकिन अब स्थिति बदल गई है।गडकरी ने कहा कि, आज करीब 5,000 युवा नक्सलवाद छोड़कर मुख्यधारा में लौट आए हैं। कई लोगों को ड्राइवर, फिटर आदि जैसी नौकरियां मिल गई हैं। उन्होंने कहा कि जिले में इंजीनियरिंग और पॉलिटेक्निक कॉलेज स्थापित किए गए हैं और निर्यात के लिए परिधान निर्माण का काम शुरू हो गया है। गडकरी ने कहा कि कभी पिछड़ा हुआ यह इलाका अब 10,000 आदिवासी युवाओं के लिए रोजगार पैदा कर रहा है। उन्होंने कहा, अगले पांच सालों में गढ़चिरौली सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला जिला बन जाएगा। उन्होंने बेरोजगारी, कुपोषण और शिक्षा की कमी के मुद्दों के समाधान के महत्व पर भी जोर दिया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में परिवर्तन तथा मजदूरों और गरीबों के उत्थान की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। गडकरी ने कहा, शिवाजी महाराज की तरह यह दिखाना हमारी जिम्मेदारी है कि राज्य को कैसे बदला जाए। कई लोग मंत्री बनते हैं, लेकिन सभी को याद नहीं रखा जाता। बाबासाहेब आंबेडकर लोकसभा चुनाव हार गए थे, फिर भी उनका नाम विश्व स्तर पर प्रसिद्ध है। केवल चुनावी जीत ही महानता को परिभाषित नहीं करती। केंद्रीय मंत्री ने राजनीतिक फायदे के लिए सांप्रदायिक विवाद पैदा करने का प्रयास करने वालों की आलोचना की। उन्होंने कहा, हमारा मानना है कि कोई भी व्यक्ति अपनी जाति, नस्ल या आस्था के कारण महत्वपूर्ण नहीं है, बल्कि उन मूल्यों के कारण महत्वपूर्ण है, जिन्हें वह अपनाता है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र में महाराष्ट्र के योगदान पर गडकरी ने कहा, अगले पांच वर्षों में भारत ऑटोमोबाइल उद्योग में वैश्विक स्तर पर शीर्ष देश बन जाएगा, जिससे 4.5 करोड़ नौकरियां पैदा होंगी और इस क्षेत्र में महाराष्ट्र से अधिकतम वस्तु एवं सेवा कर ( जीएसटी ) संग्रह होगा। ज्यादातर कंपनियां महाराष्ट्र में स्थित हैं। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को याद दिलाया कि उनकी जिम्मेदारी प्रतिद्वंद्वी दल कांग्रेस को हराने से कहीं अधिक है। उन्होंने कहा, यदि हम बदलाव लाने में विफल रहे, तो लोग हमसे सवाल करेंगे। सुशासन और विकास हमारा मिशन बना रहना चाहिए।




प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991


## संक्षिप्त समाचार

### गूगल मीट के माध्यम से पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों की समस्याओं का किया निस्तारण

क्यूँ न लिखूँ सच-सत्यम शर्मा

बरेली - बरेली एसएसपी अनुराग आर्य द्वारा अपने कैम्प कार्यालय पर वर्चुअल ( गूगल मीट ) के माध्यम जनपदीय पुलिस का सैनिक सम्मेलन किया गया। सैनिक सम्मेलन में गूगल मीट के माध्यम से थानों ब कार्यालयों से जुड़े पुलिस अधिकारीगण , कर्मचारीगण की समस्याएं सुनी गयी, जिसमें जनपद के थानों एवं कार्यालयों से पुलिसकर्मियो की 60 समस्याएं प्रकाश में आयी है , जिनकी समस्याओं के सम्बन्ध में सम्बन्धित को त्वरित निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बरेली द्वारा उपस्थित पुलिस अधिकारी, कर्मचारीगण को पुलिस की कार्य प्रणाली, रहन-सहन, जनता के व्यक्तियों के प्रति पुलिस का व्यवहार, कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



### लॉकडाउन में हुई शादी,पिता से उपहार के लिए डीएम से लगाई गुहार

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।कोरोना काल में लगे लॉकडाउन में जटौआ के धर्मपाल ने कस्बे के मोहल्ला मोहनपुर में अपनी बेटी रोशनी की शादी राजन के साथ 20 अप्रैल 2020 में कर दी थी।पिता ने बेटी को एक जोड़े में ही विदा कर दिया था।और आश्वासन दिया था। कुछ समय बाद बेटी की ससुराल में घर -गृहस्थी के जरूरी उपहार पहुंचा देंगे। लेकिन पिता ने चार साल बीतने पर भी सुध नहीं ली तो बेटी ने जिलाधिकारी कार्यालय में पिता से उपहार दिलवाने की गुहार लगाई। जिस पर तहसील प्रशासन ने पिता से सम्पर्क कर बेटी को दिए वचन को पूरा करने को कहा जिसको लेकर पिता ने रविवार को लाखों की कीमत के टीबी,प्रिज, वाशिंग मशीन, सहित घर में प्रयोग के सभी जरूरी सामान लेखपाल दिनेश कुमार सिंह, पूर्व सभासद दुर्गपाल सहित दर्जनों लोगों के सामने ले जाकर बेटी को भेंट किए।इस अनोखे मामले की नगर में खूब चर्चा हो रही है।



# टोल प्लाजा कर्मियों को प्रशिक्षित किया

क्यूँ न लिखूँ सच

रिठौरा।भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एन 0एच0 ए0 आई 0ने देश भर के टोल प्लाजा पर तैनात कर्मचारियों को कुशल व्यवहार, दुर्घटनाओं को रोकने के लिए किए जाने वाले उपायों समेत अन्य 10 पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया । एन 0एच 0ए 0आई 0ने टोल प्लाजा पर राहगीरों एवं टोल कर्मचारियों के बीच समन्वय की कमी को दूर करने के लिए टोल कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने का निर्णय लिया है। जिसके अंतर्गत लभेड़ा उर्फ बुलंद नगर पर तैनात टोल प्लाजा के सभी कर्मचारियों को छह दिवसीय एन0 एच0 ए 0आई0 को हिंदुस्तान लाइफ केयर लिमिटेड संस्था के ट्रेनरों की ओर से प्रशिक्षण सत्र में टोल पर अचानक होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए क्या प्रबंध किये जा सकते हैं। समेत अन्य पहलुओं पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।इस दौरान टोल प्रबंधक रेशम सिंह, तकनिकी सहायक मयंक शर्मा व हिंदुस्तान लाइफ केयर लिमिटेड से ट्रेनिंग इंचार्ज अजय कुमार गंगवार व प्रशिक्षक कन्हई लाल, सुमित शर्मा आदि स्टाफ मौजूद रहा।





KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991

आप अपना किसी भी प्रकार का विज्ञापन प्रकाशित कराये जैसे नीलामी सूचना, बेदखली सूचना, क्रय विक्रय सूचना आदि, वो भी कम कीमत में संपर्क करे - 907776991

## लायन्स क्लब शामली दोआब द्वारा जरूरतमंदों को की गयी 155 गर्म रजाईयॉ एवं श्मशान घाट हेतु दो स्टील की विश्राम बैंच भेंट की

क्यूँ न लिखूँ सच-राकेश गुप्ता

शामली, लायन्स क्लब का मुख्य उद्देश्य हम सेवा करते है के मूल वाक्य में समाहित है। लायन्स आन्दोलन विश्व के लगभग 201 देशों में फैला हुआ है, जिसमें लगभग पन्द्रह लाख लायन समाज के गरीब व असहाय व्यक्तियों को ऊपर उठाने के लिए कार्य करते है तथा उनको आत्मनिर्भर बनाकर प्रभु का आशीर्वाद प्राप्त करते है। जो लोग गरीबी में अपना जीवन-यापन करते है, उनके लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए क्योंकि यह लोग भी समाज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। लायन्स क्लब शामली दोआब द्वारा गरीब व नि:सहायों को रजाई वितरण किया गया। उक्त उद्गार नोएडा से पधारे लायंस गवर्नर लायन अशोक मित्तल जी ने दिल्ली रोड शामली स्थित निजी संस्थान पर लायन्स क्लब शामली दोआब द्वारा अयोजित जरूरतमंदों को गर्म रजाईयॉ वितरण एवं श्मशान घाट हेतु दो स्टील की विश्राम बैंच भेंट करने के विशाल कार्यक्रम के अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किये। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष अरविन्द संगल ने ने कहां कि रात के अंधेरे में इस कडकडाती ठिठुरन भरी सर्दी में जब सारा जहां अपने घरों में सुरक्षित रहता है और समाज का एक गरीब वर्ग रात में सर्दी से ठिठुरते हुए राते काटता है तब हम लायन्स को बडी पीडा होती है, इसी पीडा को खत्म करने व ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित करते हुए, असहाय व्यक्तियों को ठंड से बचाने के लिए कम्बल, रजाई, जर्सी आदि का वितरण करने के क्लबों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये जाते है विशेषकर आज दोनों स्वर्गाश्रम ( श्मशान घाट ) पर लगाने के लिए स्टील की दो विश्राम बैंच भेंट कर, जीता जागता उदाहरण आज लायन्स क्लब शामली दोआब द्वारा प्रस्तुत किया गया । कार्यक्रम का संचालन लायन रजत अग्रवाल कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा किया गया । कार्यक्रम में अध्यक्ष लायन रजत अग्रवाल, सचिव लायन सचिन गोयल, कोषाध्यक्ष लायन नीरज गर्ग, लायन राकेश जैन, लायन राजेश तायल, रजनीश अग्रवाल, लायन सुशील श्रीवास्तव, लायन सोमेश गर्ग, लायन पवन संगल लायन संजीव संगल लायन विपुल जैन, लायन सचिन गर्ग, लायन अनिल गर्ग, लायन आदि उपस्थित रहे।




## दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने क्राउड फंडिंग की शुरुआत की; जनता से की मदद की अपील

आतिशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बड़े-बड़े उद्योगपतियों के पैसे से चुनाव लड़ती है और चुनाव जीतने के बाद उद्योगपतियों के लिए काम करती है, लेकिन आम आदमी पार्टी जनता के पैसे से चुनाव लड़ती है और चुनाव जीतने के बाद जनता के लिए ही काम करती है।आतिशी ने कहा कि



भारतीय जनता पार्टी बड़े-बड़े उद्योगपतियों के पैसे से चुनाव लड़ती है और चुनाव जीतने के बाद उद्योगपतियों के लिए काम करती है, लेकिन आम आदमी पार्टी जनता के पैसे से चुनाव लड़ती है और चुनाव जीतने के बाद जनता के लिए ही काम करती है।दिल्ली की मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी की कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार आतिशी ने रविवार को अपने चुनाव लड़ने के लिए क्राउड फंडिंग की शुरुआत की। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वह आगे आए और उन्हें चुनाव लड़ने के लिए आर्थिक मदद देने की कोशिश करें। मुख्यमंत्री आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी जब से बनी है, तब से लेकर आज तक वह जनता की पैसे से चुनाव लड़ती आई है। पिछले चुनाव में भी उन्होंने यही काम किया था और इस बार भी वे जनता के पैसे से ही चुनाव लड़ेंगे।आतिशी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बड़े-बड़े उद्योगपतियों के पैसे से चुनाव लड़ती है और चुनाव जीतने के बाद उद्योगपतियों के लिए काम करती है, लेकिन आम आदमी पार्टी जनता के पैसे से चुनाव लड़ती है और चुनाव जीतने के बाद जनता के लिए ही काम करती है। उन्होंने कहा कि यदि उन्होंने दिल्ली के बड़े-बड़े प्राइवेट स्कूलों से पैसा लिया होता तो उन्हें फीस बढ़ाने से नहीं रोक पाते। उन्होंने कहा कि जो जिससे पैसा लेता है, उसके लिए काम करता है।आम आदमी पार्टी के ऊपर शराब घोटाले में 2000 करोड रुपए से अधिक लेने के आरोप लगे हैं। आम आदमी पार्टी नेताओं ने कहा है कि ये आरोप बेबुनियाद हैं। यदि उन्होंने इस तरह से पैसा लिया होता तो उन्हें क्राउड फंडिंग करने की आवश्यकता ना पड़ती। आम आदमी पार्टी की प्रवक्ता रीना गुप्ता ने अमर उजाला से कहा कि पहले दिन से ही बीजेपी और कांग्रेस अरविंद केजरीवाल के ऊपर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने के प्रयास कर रहे हैं, लेकिन आज तक एक भी आरोप साबित नहीं हो पाया है क्योंकि अरविंद केजरीवाल जनता के पैसे से जनता के लिए राजनीति करते हैं। उन्होंने कहा कि हम जनता के पैसे से चुनाव लड़कर जीतेंगे और जनता के लिए ही काम करेंगे।

## पत्रकार एसोसिएशन कैराना रजिस्टर्ड के विनोद चौहान को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया

क्यूँ न लिखूँ सच-मनीष मित्तल

शामली कैराना 12 जनवरी पत्रकार एसोसिएशन कैराना की वार्षिक मीटिंग का आयोजन विनोद चौहान के आवास पर किया गया जिसकी अध्यक्षता मामचंद चौहान पत्रकार संचालन वसी हैदर जैदी उर्दू सहाफी ने किया मीटिंग में सर्वसम्मति से संरक्षक मामचंद चौहान , संरक्षक वसी हैदर जैदी ,विनोद चौहान को अध्यक्ष ,विशाल भटनागर को उपाध्यक्ष , मोहम्मद तोसिफ को महासचिव , सनव्वर सिद्दीकी को सचिव , डॉक्टर मुनव्वर पवार को कोषाध्यक्ष चुना गया, सदस्य ट्ठआरिफ चौधरी , प्रदीप वर्मा , उस्मान चौधरी, कुलदीप कुमार , सुहैब अंसारी , मुनिफ खान , पुनीत चौहान , सारंग चौधरी , आदि पत्रकार मौजूद रहे विनोद चौहान ने फिर से अध्यक्ष चुने पर अपने संबोधन में सभी का आभार व्यक्त करते हुए सत्य एवं निष्पक्ष पत्रकारिता करने गरीब शोषित समाज की आवाज उठाने का आग्रह किया




## नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद संगल द्वारा रक्तदान शिविर का फीता काटकर किया

क्यूँ न लिखूँ सच-राकेश गुप्ता

शुभारंभ शामली प्रिय ट्रेडर्स द्वारा एक विशाल रक्तदान शिविर व सम्मान समारोह का आयोजन स्थान ङ्क ङ्क इंटर कॉलेज शामली में किया गया जिसका शुभारंभ नगर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद शामली श्री अरविंद संगल व सदर विधायक श्री प्रसन्न चौधरी जी वह क्षेत्रीय मंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा श्री राहुल जैन जी जिला महामंत्री पुनीत द्विवेदी जी द्वारा किया गया उन्होंने बताया कि रक्तदान करने से अनेकों बीमारियों में लाभ मिलता है और असहाय लोगों की मदद करने का जुनून प्राप्त होता है आज कैंप में 396 यूनिट डोनेशन हुआ जिसमें अनेकों पुलिस कर्मियों दिव्यांगजनों व महिलाओं ने भी रक्तदान किया कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक श्री अजय संगल जी अध्यक्ष श्री संदीप गोयल जी कोषाध्यक्ष मनोज कुमार जी सचिन जैन भगत जी बादल गौतम जी रोहित पाल जी डॉक्टर आरिफ हसन जी साबिर अली जी मनीष भटनागर जी वैभव संगल जी सोनू जुनेजा जी अतुल बंसल जी आकाश गोयल जी रुपेश गर्ग जी बोबिंदर श्वश्चह्वद्ध4ड्ड द्धद्ध मनीष नामदेव जी अभिषेक वत्स जी आशु बत्रा जी अंशुल संगल जी कमलकांत जी आदि ट्रस्ट के समस्त पदाधिकारी मौजूद रहे



## शिवसेना के अकेले निकाय चुनाव लड़ने के एलान के बाद इंडिया-MVA में फूट की अटकलें; राउत ने दी सफाई

संजय राउत ने शनिवार को कहा था कि गठबंधन में अलग-अलग पार्टियों के कार्यकर्ताओं को अवसर नहीं मिलते हैं। इसके बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया और महाविकास अघाड़ी की एकजुटता को लेकर सवाल खड़े होने लगे थे। राउत ने कहा कि शिवसेना अपना आधार मजबूत करने के लिए स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ना चाहती है।शिवसेना ( यूबीटी ) के स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ने के एलान पर पार्टी सांसद संजय राउत ने सफाई दी। संजय राउत ने कहा कि शिवसेना अपना आधार मजबूत करने के लिए स्थानीय निकाय चुनाव अकेले लड़ना चाहती है। हमने कभी भी विपक्षी गठबंधन इंडिया और महाविकास अघाड़ी को खत्म करने की बात नहीं कही।संजय राउत ने शनिवार को कहा था कि गठबंधन में अलग-अलग पार्टियों के कार्यकर्ताओं को अवसर नहीं मिलते हैं और इससे संगठनात्मक विकास में बाधा आती है। हम अपनी ताकत के दम पर मुंबई, ठाणे, नागपुर और अन्य नगर निगमों, जिला परिषदों और पंचायतों के चुनाव लड़ेंगे। इसके बाद विपक्षी गठबंधन इंडिया और महाविकास अघाड़ी की एकजुटता को लेकर सवाल खड़े होने लगे थे।इसके जवाब में रविवार को राउत ने कहा कि महाविकरास अघाड़ी का गठन विधानसभा चुनावों के लिए और विपक्षी गठबंधन इंडिया का गठन लोकसभा चुनावों के लिए किया गया था। स्थानीय निकाय चुनाव पार्टी कार्यकर्ताओं को सशक्त बनाने और जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए हैं। मैंने या मेरी पार्टी ने कभी नहीं कहा कि इंडिया ब्लॉक या एमवीए को भंग कर दिया जाना चाहिए। शिवसेना अकेले चुनाव लड़ने पर कांग्रेस नेताओं की टिप्पणी पर राउत ने कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी के सदस्यों को प्रतिक्रिया देने से पहले उनकी पूरी टिप्पणी सुननी चाहिए। कांग्रेस नेताओं को दूसरों की बात सुनने की आदत डालनी चाहिए। शिवसेना चाहती है कि उसकी मशाल ( चुनाव चिह्न ) जमीनी स्तर पर मतदाताओं तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि एमवीए सहयोगियों को अपनी पार्टियों और अपने कार्यकर्ताओं को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर पर काम करना चाहिए। राउत ने कहा कि हमारे पास काफी वक्त है क्योंकि अगले लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में अभी साढ़े चार साल का समय है। एनसीपी ( शरद ) के प्रमुख शरद पवार की मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के साथ चर्चा पर राउत ने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद महाराष्ट्र स्तब्ध है। सरपंच संतोष देशमुख और सोमनाथ सूर्यवंशी के हत्यारों को संरक्षण देकर शांति नहीं आ सकती। कांग्रेस को ठहराया था जिम्मेदार- इससे पहले शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा था कि लोकसभा चुनाव के अच्छे नतीजों के बाद कांग्रेस की जिम्मेदारी थी कि वह गठबंधन को जिंदा रखे और सभी दलों को एकजुट करके आगे का रास्ता दिखाए। उन्होंने यह भी कहा कि अब तक गठबंधन की कोई बैठक नहीं हुई है, जिससे लोगों में संदेह उत्पन्न हो रहा है।



## संक्षिप्त समाचार

### मासिक अपराध गोष्ठी एवं सैनिक सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य हेतु अधिकारी/कर्मचारियों को किया गया सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच-अरविन्द कुमार यादव

श्रावस्ती। पुलिस अधीक्षक धनश्याम चौरसिया के नेतृत्व में पुलिस कार्यालय सभागार कक्ष में मासिक सैनिक सम्मेलन एवं अपराध गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनपद के विभिन्न थाना एवं शाखा से आए पुलिसकर्मियों से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को सुनने और उनके निराकरण के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने प्रतिसार निरीक्षक एवं थाना प्रभारियों को पुलिस कर्मियों के आवासीय परिसरों और बैरकों में साफ-सफाई, बिजली-पानी की उचित व्यवस्था और पौष्टिक भोजन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मिशन शक्ति फेज- 5 के तहत महिला बीट प्रणाली को सुदृढ़ बनाने, शक्ति दीदियों को नियमित रूप से क्षेत्र में भ्रमणशील रहने, एवं महिलाओं व बच्चों की सुख्क्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एसएसबी के साथ नियमित पैदल गश्तघ्रात्रि गश्त, संदिग्ध व्यक्तियोध्याहनों की जांच, मादक पदार्थ तस्करी और कच्ची शराब की तस्करी पर सख्त कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया, लंबित प्रार्थना पत्रों और विवेचनाओं का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण गैंगस्टरगुंडा एक्ट के तहत वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी, ऑपरेशन क्लीन के तहत थाना पर लावारिश वाहनो, मालों का शीघ्र निस्तारण, ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत अपराधियों को त्वरित सजा दिलाने की प्रक्रिया को तेज करने, किसी भी घटना के निरीक्षण के पश्चात् सम्बंधित फोटोध्यीडियो ई साक्ष्य एप पर अपलोड करने तथा ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरों की स्थापना पर जोर दिया गया तथा जनपद के मुख्य चौराहो, भीड़-भाड़ वाले स्थानों की निगरानी किये जाने हेतु पुलिस कार्यालय में एक सीसीटीवी कंट्रोल रूम स्थापित करने हेतु निर्देशित किया। सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा जाली नोट प्रकरण में उत्कृष्ट योगदान हेतु एसओजी टीम प्रभारी नितिन यादय, मु0आ0 अवनीश विक्रम सिंह, आ0 वीरेंद्र यादव, अभिषेक सिंह, रिषभ गौड़, अभिषेक सिंह सर्विलांस सेल थाना हरवत्त नगर गिरंट टीम से थानाध्यक्ष शैलकाना उपाध्याय उ0नि0 विशाल शुक्ला, अंकुर वर्मा, छैल बिहारी, अनीष गोड़, हे0का0 जितेंद्र कुमार यादव, विवेक सिंह, मोला सिंह, संजीत कुमार, प्रवीण पाण्डेय को सम्मानित किया गया।

### झिंझाना मंडल के गांव हसनपुर में घर-घर जाकर संविधान की जानकारी दी

क्यूँ न लिखूँ सच-अश्विनी नामदेव

शामली झिंझाना आज भारत माता की जय भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद डॉक्टर भीमराव अंबेडकर अमर रहे संविधान गौरव अभियान के अंतरगत झिंझाना मंडल के गांव हसनपुर म घर-घर जाकर संविधान की जानकारी दी और बूथ अध्यक्ष कुलदीप के निवास पर एक गोष्ठी भी राखी गई जिसमें उपस्थित उपस्थित डॉ पवन खटीक भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध?यक्ष सुरेंद्र सैनी मंडल अध?यक्ष झिंझाना भाजपा अकूल प्रजापति मंडल मंत्री सुनीता नामदेव संविधान गौरव अभियान कार्यक्रम मंडल संयोजक हरपाल सैनी मंडल सह संयोजक कुलदीप बूथ अध्यक्ष गजेंद्र सिंह शक्ति केंद्र संयोजक और गांव के वरिष्ठ लोग उपस्थित रहे



### बॉयलर का स्टीम पाइप फटने से 22 वर्षीय युवक की मौत

क्यूँ न लिखूँ सच- राकेश गुप्ता

शामली। दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर स्थित सिक्का पेपर मिल में बॉयलर का स्टीम पाइप फटने से 22 वर्षीय युवक की मौत मृतक युवक थाना भवन क्षेत्र के पवारखेड़ा के गोपी पुत्र लक्ष्मण के रूप में पहचान हुई जो पिछले कई माह से सिक्का पेपर मिल में बॉयलर पर कार्य कर रहा था, रात्रि में 10ब्00 बजे बॉयलर का स्टीम पाइप फटने से युवक की दर्दनाक मौत हो गई युवक अविवाहित था, युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और परिजनों का आरोप है कि पेपर मिल प्रबंधन की लापरवाही से ही यह हादसा हुआ है मृतक युवक के परिजन हादसे की जांच कर वह मृतक युवक के जिम्मेदार अधिकारियों पर आरोप लगाकर हंगामा करने की सूचना प्राप्त हो रही है



# श्री रामलीला महोत्सव का फीता काटकर मुख्य अतिथि आनंद यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया भव्य शुभारंभ

क्यूँ न लिखूँ सच-नीरज कुमार

( कोंच जालौन )ग्राम जगनपुरा में श्री रामलीला महोत्सव का दिन शनिवार को भव्य शुभारंभ हुआ।





मुख्य अतिथि आनंद यादव पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथि आमोद उदैनिया राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रधान संघ ने संयुक्त रूप से फीता काटकर रामलीला महोत्सव का उद्घाटन किया। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा भगवान राम विश्व भर के सनातनियों की आत्मा में रचे-बसे हैं। उनका जीवन चरित्र सभी युगों में प्रासंगिक है लोग राम के आदर्शों से अगर थोड़ा बहुत भी ग्रहण कर सके तो उनका जीवन सफल हो जाएगा। ग्राम जगनपुरा में स्थित रामलीला रंगमंच पर भगवान गजानन की पूजा अर्चना कर महोत्सव का शुभारंभ किया गया। आमोद उदैनिया एवं समाजसेवी रमेश मिश्रा कैलिया ने कहा भगवान राम ने मर्यादाओं का पालन करते हुए समाज को संदेश दिया कि एक मनुष्य को किस तरह परिवार समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्यों में तादात्म्य बिठा कर चलना चाहिए। उन्होंने अधर्म का नाश कर धर्म पर चलना सिखाया। वही विनोद व्यास कैलिया प्रधान व सरताज खान धोरपुर प्रधान ने कहा राम को भारतीय संस्कृति का आदर्श निरुपित करते हुए कहा, मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम ने वनवास ने सीता अन्वेषण के दौरान समाज के सबसे दबे कुचले लोगों को संगठित किया शबरी के जूठे बेर खाकर उन्होंने समाज को संदेश दिया कि कोई छोटा बड़ा नहीं होता बल्कि लोगों की सोच और कार्य ही किसी को छोटा और बड़ा बनाते हैं। रामलीला समिति ने अतिथियों ब पत्रकारों को माला ब साल पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनिल कुमार निरंजन रिशव पटेल उपाध्यक्ष प्रहलाद महामंत्री अमित निरंजन कोषाध्यक्ष पंकज प्रवीण रामसजीवन रविंद्रकुमार नेतसिंह कृष्णपाल सिंह राहुल श्यामजी भोले

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच-मानश मिश्रा

राष्ट्रीय युवा दिवस- 2025 के उपलक्ष्य में राजमाता चूनकुमारी स्टेडियम- बैढ़न में सामूहिक सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रशासन सिंगरौली द्वारा किया गया। आकाशवाणी पर






सीधा प्रसारण अनुसार सर्वप्रथम राष्ट्रगीत का सामूहिक गायन तत्पश्चात स्वामी विवेकानंद की वाणी एवं मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के सन्देश का सामूहिक श्रवण किया गया।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राधा सिंह राज्य मंत्री पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय म. प्र. शासन तथा कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला की अध्यक्षता में जिले से जन प्रतिनिधियों,गणमान्य नागरिकों एवं विद्यार्थियों द्वारा सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया गया। सूर्य नमस्कार एवं प्राणायाम कार्यक्रम का क्रियान्वयन श्याम सुंदर शाह जिला योग प्रभारी सिंगरौली, रामचन्द्र यादव योग शिक्षक- सिंगरौली द्वारा तथा मंच संचालन डॉ. एस डी पाण्डेय द्वारा किया गया, सामूहिक सूर्य नमस्कार के इस अवसर पर सिंगरौली विधायक रामनिवास शाह, देवसर विधायक राजेन्द्र मेश्राम,अपर कलेक्टर ए के झा, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री,जिला पंचायत उपाध्यक्ष अर्चना सिंह, सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश,निगमायुक्त डी के शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी एस बी सिंह, ए डी शिक्षा कविता त्रिपाठी, डीपीसी रामलखन शुक्ला, बैढ़न बीईओ प्रभाकर दुबे , सर्वेश द्विवेदी एवं हार्टफुलनेस संस्था सिंगरौली से डॉ.सच्चिदानंद सिंह, आरोग्य भारती संस्था से गजमोचन सिंह , पतंजलि योग समिति से डॉ रामनरेश त्रिपाठी , जिला योग समिति से आकांक्षा पाठक द्वारा सहभागिता की गई। मुख्य अतिथि राज्य मंत्री राधा सिंह द्वारा योग एवं प्राणायाम की जीवन में उपादेयता तथा सूर्य नमस्कार की मुद्राओं के अन्वेषण में स्वामी विवेकानंद के योगदान एवं स्वामी जी के व्यक्तित एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए जनमानस से योग एवं प्राणायाम को दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने की अपील की गई। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी संस्थान द्वारा नशा मुक्ति पर केंद्रित नाटक की मनमोहक प्रस्तुति की गई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा द्वारा साइबर अपराध एवं सड़क सुरक्षा के संबंध में जागरूक किया गया। अपर कलेक्टर ( विकास ) द्वारा आभार ज्ञापन पश्चात कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब की वर्ष 2025 की पहली बैठक पुष्पा गार्डन में हुई सम्पन्न

क्यूँ न लिखूँ सच-नीरज कुमार

आगामी चुनाव और वर्तमान में पत्रकारों के हो रहे शोषण को लेकर विभिन्न विषयों पर हुई चर्चा पत्रकार न्याय का चौथा स्तम्भ हैं अपनी कलम की ताकत के आधार पर न्याय के लिए आवाज जरूर





उठायें एवं दवाव में रहकर लेखनी न बदलें- ब्रजेन्द्र मयंक ( सीनियर पत्रकार 卐दैनिक आज卐 ) कोंच/ जालौन। आज नगर के तिलक नगर में बने पुष्पा गार्डन में डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के पत्रकारों की वर्ष 2025 की प्रथम बैठक नगर के वरिष्ठ पत्रकार चौधरी बृजेंद्र मयंक, प्रिया शरण नगाइच एवं गणेश प्रसाद बुधौलिया की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बताते चले आज नगर के बीचो-बीच तिलक नगर में संचालित पुष्पा गार्डन में डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के पत्रकारों की अहम मुद्दों को लेकर बैठक संपन्न हुई जिसमें वर्तमान में पत्रकारों के शोषण को लेकर एवं आगामी चुनाव को लेकर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। इसमें सभी पत्रकारों ने अपने -अपने सुझाव दिए एवं संगठन की मजबूती को लेकर सभी ने अपनी बात रखी। दैनिक तरुण मित्र के संवाददाता सिराजुद्दीन ने पत्रकारों के साथ हो रहे अनैतिक व्यवहार की कड़ी निंदा की एवं समाज को न्याय दिलाने के लिए पत्रकार को अपनी स्वच्छ छवि बनाये रखना विशेष बताया। वही दैनिक आज समाचार पत्र के सीनियर पत्रकार बृजेंद्र मयंक ने वर्तमान में पत्रकारों के साथ हो रही घटनाओं एवं शोषण को लेकर अपनी बात रखी जिसमें चौधरी बृजेंद्र मयंक ने कहा कि पत्रकार न्याय का चौथा स्तंभ होता है जो अपनी कलम की ताकत के दम पर पीड़ितों को न्याय दिला सकता है। इसके पश्चात आगामी चुनाव को लेकर विशेष चर्चा की गई एवं विभिन्न मुद्दों को रखा गया। बैठक का सफल संचालन पत्रकार संदीप अग्रवाल के द्वारा किया गया। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट प्रेस क्लब के तहसील कोंच के सभी पत्रकार मौजूद रहे।

# मां शाकंभरी सेवा संघ द्वारा 120 वॉ विशाल भंडारे का आयोजन किया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
राकेश गुप्ता



शामली मां शाकुंभरी देवी जन्मदिन के अवसर पर मॉ शाकंभरी देवी सेवा संघ द्वारा गुजरी बलवा महादेव शिव मंदिर पर मां शाकुंभरी देवी भवन निर्माण का निर्माण धीन कार्य चल रहा है आज मां शाकुंभरी देवी जन्मदिन के अवसर पर 120 वॉ विशाल भंडारा एवं माता रानी के भजन कीर्तन का आयोजन किया गया जिसमें मां शाकुंभरी देवी भवन निर्माण में सुरेंद्र बंसल जी की माता श्री कमला देवी ने मंदिर निर्माण कार्य में 1 लाख 1000 योगदान दिया जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद संगल व शामली विधायक प्रसन्न चौधरी अशोक बंसल तजेंद्र निरवाल अंकित गोयल मानस संगल मनीष चौहान विजय कौशिक अरविंद दृष्ट जी एवं भजन संध्या का पवन बजरंगी द्वारा सुंदर-सुंदर भजनों का गुणगान किया जिसमें भजनों को सुनने के लिए और माता शाकुंभरी देवी जन्म महोत्सव में भक्त जनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और सुरेंद्र बंसल जी का कहना है

कि माता शाकुंभरी देवी के जन्मदिन के अवसर पर आज बलवै मैं महादेव शिव मंदिर मां शाकुंभरी देवी की अनुकंपा से शाकंभरी भवन में यह हमारी संस्था द्वारा माता के दरबार में एक भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें सभी भक्तजनों को भाव भरा निमंत्रण देकर यहां पर बुलाया गया था कि माता के भंडारे में भजन कीर्तन में आकर पुण्य के भागी बने इस अवसर पर समिति अध्यक्ष सुरेंद्र बंसल सचिव राकेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष मोरी लाल संगल में समिति के अन्य सदस्य गण मौजूद रहे

# अज्ञात चोरों ने चूड़ी व कपड़ा सिलाई की दुकान में नकब लगाकर नगदी, कपड़ा लेकर हुए फरार

क्यूँ न लिखूँ सच-प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती के गिलौला थाना क्षेत्र अंतर्गत सिसवारा चौराहे पर बीती



रात एक चूड़ी की दुकान की दीवाल में नकब लगाकर अज्ञात चोरों के द्वारा 7000 रुपए नगद व कपड़ा लेकर फरार हो गए। सुबह जब दुकान मालकिन दुकान पहुंची तो दिवाल में नकब लगा देखकर दंग रह गई। सूचना पर पहुंची गिलौला पुलिस जांच में जुटी गई।

## संक्षिप्त समाचार

# ओम श्री एडवांस एकेडमी में सूर्य नमस्कार एवं विज्ञान प्रदर्शनी के साथ विवेकानंद जयंती मनाई

क्यूँ न लिखूँ सच-प्रदीप द्विवेदी

पीथमपुर हाउसिंग में स्थित ओम श्री एडवांस एकेडमी हाई स्कूल पीथमपुर में 12 जनवरी 2025 दिन रविवार को विवेकानंद जयंती के अवसर पर विद्यालय में सूर्य नमस्कार का करवाया गया।



साथ ही विद्यालय में ( science e&hibition) विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया था जिसमें विद्यार्थियों में मैथ्स और साइंस के कुछ प्रोजेक्ट एवं वर्किंग मॉडल बनवाए गए। विद्यार्थियों ने पालकों के सामने मॉडल को प्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों को प्रदीप द्विवेदी ने पुरस्कृत भी किया गया। जिस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका श्रीमती कविता द्विवेदी में योग के महत्व को बताते हुए योग के फायदे बताएं। विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती शिवानी द्विवेदी ने बताया की स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर युवा दिवस मनाया जाता है जिस अवसर पर हर विद्यालय में सूर्य नमस्कार एवं योग करवाए जाते हैं।जिसमें विद्यालय की समस्त शिक्षिकाएं पूजा पाटीदार, कंचन पवार, रुचिका कवड़कर, कृति सिंह राजपूत, शालिनी सिंह, सुशीला पवार, रिंकी श्रीवास्तव, गीता पाटिल,भूमिका चोपड़ा, मानसी विश्वकर्मा, आकृति पटेल, सोनम जैन, प्रतीक्षा सिंह आदि की उपस्थिति रही।

# अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के वर्षगांठ पर चिनार पार्क में सुंदरकांड का आयोजन, प्रबुद्धजन हुए शामिल

क्यूँ न लिखूँ सच-प्रदीप द्विवेदी

पीथमपुर अयोध्या राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के



उपलक्ष्य में चिनार पार्क में भव्य सुंदरकांड पाठ का आयोजन विश्व मंगलम सरकार सुंदरकांड मंडल के द्वारा किया गया। इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में चिनार पार्क के अनेक प्रबुद्धजन, श्रद्धालु, और भक्तजन सम्मिलित हुए। आयोजन का उद्देश्य भगवान श्रीराम के प्रति श्रद्धा व्यक्त करना और समाज में भक्ति और सद्भावना का संदेश फैलाना था। सुंदरकांड पाठ में भजनों और रामकथा के मार्मिक प्रसंगों ने उपस्थित लोगों को भाव-विभोर कर दिया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीराम के गुणगान और हनुमानजी की महिमा का आनंद लिया। धार्मिक वातावरण ने सभी को सकारात्मक ऊर्जा और आत्मिक शांति का अनुभव कराया। कार्यक्रम के समापन पर आरती और प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर आयोजकों ने श्रद्धालुओं को मंदिर निर्माण की प्रगति और इसकी ऐतिहासिक महत्ता पर प्रकाश डाला। उपस्थित जनों ने ऐसे आयोजनों को नियमित रूप से करने का आग्रह किया।

# 62वीं वाहिनी एसएसबी, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने भारत-नेपाल सीमा का किया संयुक्त निरीक्षण

क्यूँ न लिखूँ सच-प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती। 62वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल ( एसएसबी ) भिनगा के कमांडेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण, जिलाधिकारी श्रावस्ती अजय कुमार द्विवेदी एवं पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती घनश्याम चौरसिया



ने भारत-नेपाल सीमा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने सीमा स्तंभों ( बॉर्डर पिलर्स ) एवं नो मैन्स लैंड का जायजा लिया। उन्होंने सीमा पर सुरक्षा प्रबंधों, गश्त व्यवस्था और दोनों देशों के बीच सीमा अनुशासन को सुनिश्चित करने के लिए की जा रही गतिविधियों की समीक्षा की। अधिकारियों ने सीमा पर तैनात एसएसबी के जवानों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं, कार्यप्रणाली तथा जरूरतों को समझा। उन्होंने जवानों के उत्साह और प्रतिबद्धता की सराहना करते हुए उनकी भूमिका को सीमा सुरक्षा के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर कमांडेंट अमरेन्द्र कुमार वरुण ने सीमा सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस। अधीक्षक ने सीमा क्षेत्र में स्थानीय प्रशासन और एसएसबी के बीच समन्वय को मजबूत करने पर जोर दिया। निरीक्षण का उद्देश्य सीमा क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, सीमा स्तंभों की स्थिति की निगरानी करना, और नो मैन्स लैंड में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए सतर्कता बढ़ाना था। अधिकारियों ने सुरक्षा उपायों को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए रणनीतिक निर्देश भी दिए। यह निरीक्षण भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा सुनिश्चित करने और दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस मौके पर पियूष सिन्हा उप कमान्डेंट, सोनू कुमार उप कमान्डेंट, पियूष जायसवाल उप जिलाधिकारी भिनगा और एसएसबी व पुलिस के जवान मौजूद रहे।

# How to strengthen immunity amid the growing threat of infectious diseases? Start these measures from now

Experts are saying that there is no need to be afraid of HMPV, it is definitely similar to Covid but is not as dangerous as Covid. However, it is very important for you to keep taking measures to prevent infection, especially measures to strengthen immunity. Let us know how you can strengthen your immunity? Many countries of the world including India and China are in the grip of Human Metapneumovirus (HMPV) these days. Health experts say, HMPV has been among us for more than six decades and



there is information about this virus for about 25 years, however this time there has been a new mutation in the virus due to which cases of infection are increasing. According to information received from all over the world, children below five years of age are the most affected by this infection. Apart from this, elderly people above 65 years of age or those who have weak immunity may also be at risk of developing infection. Most experts are saying that there is no need to be afraid of HMPV, it is similar to Covid but is not as dangerous as Covid. However, it is very important for you to keep taking measures to prevent infection, especially measures to strengthen immunity. This will not only help protect you from HMPV but will also protect you from many other infectious diseases. Risk of infection in people with weak immunity - Health experts say, HMPV is a respiratory virus like Covid which mostly preys on infants and people with weak immune system. People with weak immunity have been seen to be at risk of increasing the disease even due to mild level of viruses or pathogens. This is the reason why all people should keep trying to strengthen their immunity. Since these days HMPV is emerging as a new threat all over the world, you should start taking some measures to protect yourself from it which can protect you from serious and infectious diseases. Let's know what efforts can be made for this? Improving diet is most important - Health experts say, the most important thing to keep your immunity strong is to keep your diet right. Do consume citrus fruits. Rich in vitamin-C, fruits like oranges, lemons and kiwis help in the production of white blood cells that fight infection. Apart from this, make things rich in omega-3 fatty, vitamin-E and antioxidants a part of your diet. The habit of drinking green tea daily can be beneficial for you. It is rich in catechins, this antioxidant helps in reducing inflammation and increasing immunity. It is necessary to keep the lifestyle right - For good immunity, along with improving the diet, it is also necessary to make efforts to keep the routine right. For this, it is also important to stay hydrated, practice good hygiene, get adequate sleep, do yoga-exercise regularly. Researchers say that people who do not get enough sleep have been seen to have more problems of weak immunity, so it is also necessary to improve the routine. Avoid these things- It is more important to know what you should not eat or do than what to eat for good immunity. Some foods can weaken your immunity and increase respiratory problems. Foods with high sugar content are most harmful for you. Eating too much sugar suppresses immune functions and slows down your recovery from infection. Similarly, spicy and greasy food is also not good for your health. Consumption of these things should be reduced. It is most important to keep a distance from alcohol and smoking, its negative effect on the immune system has been seen.

# Even after successful treatment, this cancer can remain hidden in the body for years, all women must pay attention

Do you know that some cancers can remain in your body for years without causing symptoms? This may sound scary to you, but this is the reality. Let's know about this. Cancer is a serious disease growing globally, the risk of which is being seen in people of all ages. It is also the leading cause of death worldwide. In India too, cases of cancer and deaths from it have increased rapidly in the last few decades. Health experts say that a



major reason for the high risk of death from cancer in India is its inability to be diagnosed on time. In most cases, cancer is detected only when it reaches the last stage. From here, both the treatment of cancer and the patient's chances of survival become difficult. Health experts say that all people should keep paying attention to the symptoms of cancer. If someone in your family has already had cancer, then extra caution should be taken. But do you know that some cancers can remain in your body for years without causing any symptoms? What did the study reveal? In a recent study, researchers said that even after successful treatment, a type of cancer can remain hidden in your body for years. This may sound scary to you, but this is the reality. A study on cancer conducted at the University of Michigan in the US, led by Professor Dr. Gary Luker, found that many cases of breast cancer have been seen in which cancer cells were present in the body for a long time. In a research published in the Journal of Clinical Investigation, experts said that these 'sleeper cancer cells' can remain inactive in the body for years and can cause breast cancer to reappear after a few years. Researchers said that this study draws attention to the fact that such methods should be adopted during treatment so that cancer cells do not develop again. Cells can remain hidden in the body even after treatment- Researchers said that it has been generally believed that successful treatment of cancer means that our body is free from this disease, however in the case of estrogen receptor-positive breast cancer, it is not as simple as it seems. These cancer cells can remain hidden inside the bone marrow for years and even decades and can re-emerge. Doctors have warned that despite medical advances and greater awareness, breast cancer is increasing in young women. Meanwhile, this information is even more worrying. Researchers said, detailed research is needed regarding its prevention. Breast cancer and its risk- Breast cancer is one of the common cancers in women worldwide. 2022 data collected by the World Health Organization shows that about 30% of women are diagnosed with breast cancer every year. In the United States, it is estimated that more than 3.10 lakh cases are registered in 2024 alone and the mortality rate is very high, making it the second leading cause of death in women. All women should keep an eye on its symptoms from an early age. Pay attention to the early symptoms of cancer - Doctors say, it is not necessary that the symptoms appear very clearly in the early stages of cancer. Many symptoms appear simultaneously when the disease is serious. It is important for women over 20 to check themselves often for changes in the body. If you have a lump in your breast, discharge continues or there is often some discomfort, then definitely consult a specialist about this.

# Modern names of Mata Sita for the daughter of this era, see the list here

Children of Gen Beta generation will be very close to the digital world. The personality of these children of the first generation of the AI ??era can be different from Gen G and Millennium. The name can reflect the identity of a person as well as his personality. In such a situation, parents want to give modern names to the children born in this era. However, they also want to keep the children connected and have religious of Mata Sita. Modern and suitable for the daughter of your beloved. Siya - Parents If you are looking for a short personality.Kshitija- Goddess daughter born in this era. such parents, the name people will get impressed by associated with Mother Sita. belong to the Gen BT a child want to keep them




to their culture and religion. In such a situation, the name should be modern as well as meaningful significance. A list of such names is being given for Gen Beta girls, which are inspired by the name unique names are being given here by selecting from the many names of Mata Sita, which can be the new generation. From here you can choose the modern and attractive name of Mata Sita for can name their beloved daughter Siya. This is one of the many names of Mata Sita which is modern. and cute name, then the name Siya for a girl can be a symbol of meaningful and attractive Sita is also known as Kshitija. This name having religious significance can be a better choice for a Parents keep looking for new and modern names for their child according to today's times. For Kshitija is useful.Parthavi- If you are looking for a name for the girl with the expectation that the name of the daughter as soon as they hear it, then you can name Parthavi. Parthavi is a name This name is also unique and beautiful.Vanika- This is the era of AI. Children born in this era generation, who will be very close to the digital world. Parents looking for a modern name for such connected to traditions and religion as well. In such a situation, the name Vanika can be right for a daughter. Vanika is a name of Goddess Sita. This is a simple, new and cute name which is both religious and modern for a daughter.Bhumija- In the age of living in the sky, you can name your daughter Bhumija to keep her connected to the earth. Bhumija means born from the earth. Mother Sita was born from the womb of Mother Earth, so one of her many names is Bhumija. You can also name your daughter Bhumija, which is meaningful, has religious significance and is new. From the many names of Mother Sita, modern and unique names are being given here, which can be suitable for the daughter of the new generation. From here you can choose the modern and attractive name of Mother Sita for your darling.

# No RIP... Neena Gupta made a strange comment for Pritish Nandy on Anupam Kher's post

Well-known poet, writer, journalist and filmmaker Pritish Nandy passed away yesterday. This information was given by his closest friend Anupam Kher on social media. Since then,





many celebs have expressed grief on Anupam's post. However, Neena Gupta refused to express grief over Nandy's death. Her comment has shocked everyone. Journalist-turned-producer Pritish Nandy died on 8 January in Mumbai. This news was confirmed by his close friend Anupam Kher on social media. Anupam wrote a long note while sharing a picture of Pritish. Anupam Kher gave information on social media - Kher wrote, "Very sad and shocked to know about the demise of one of my dearest and closest friends Pritish Nandy! Amazing poet, writer, filmmaker and a brave editor/journalist! He was my support system and strength during my initial days in Mumbai. We had so many things in common. He was one of the most fearless people I have met."Kher called Pritish his best friend. He further wrote- I have learned so many things from him. For some time, our meetings had also reduced. But there was a time when no one could separate us. He perfectly fit the definition of yaaron ka yaar. I will miss you and every moment spent with you, my friend. Rest well. #HeartBroken- However, what Neena Gupta wrote on this post of Anupam Kher, refusing to express grief over the death of Pritish Nandi, she made a shocking comment which surprised everyone. Neena Gupta got angry on this post. Neena Gupta wrote in the comment section below, "Do you know what he did to me? I openly called him a bastard. He stole my baby's birth certificate and published it. So no RIP, you understand and I have proof of it." Pritish had stolen the birth certificate - Actually, Neena Gupta accused Pritish Nandi that he had stolen and published the birth certificate of her daughter Masaba Gupta, due to which she is very angry with him. After this news, it came to light that Neena Gupta was dating cricketer Vivian Richards and Masaba was born before marriage. After this, she started being called a love child.



# Love is Forever will have a tadka of romance and thriller, you would not have seen such a horror comedy before

The film Love is Forever, made under the banner of Soft Touch Entertainment, is going to be released in theaters simultaneously in Hindi, Tamil and Telugu on 10 January 2025. The story of this film is very different from the story of common Bollywood films. Suspense, thriller, romance, horror and comedy will be seen in the film which will keep the audience hooked. The film, which travels from love story to horror thriller, gives a wonderful feeling of adventure. There are many exciting twists and turns in the film, which the audience will like very much. What is the story of the film? - The story of the film begins between Simran and Rohit. Who are about to get married with the blessings of their family but have to face a series of tragic events. After Rohit's mother dies in a car accident, his father remarries Maya, whom Rohit does not trust. When Rohit's father also dies under mysterious circumstances, Rohit suspects Maya's conspiracy.Despite Maya's opposition, Rohit marries Simran. They go to Shimla for their honeymoon. But such incidents happen there that both are shocked. Rohit gets upset after knowing about Simran's past. Raj's character emerges in such a way that it will prove to be entertaining for the audience. You will have to watch the film to know what happens next. Which actors will be seen? As far as acting is concerned, Ruslan Mumtaz has done natural acting in the role of Rohit Mehra. Karnika Mandal has brought life to the role of Simran Chopra. Rahul B Kumar has proved to be a surprise package in the role of Raj Verma. He has left a deep impression with his acting and action. Chandraprakash Thakur in the role of Raj's father, Mushtaq Khan as the heroine's father, Gargi Patel in the role of the heroine's mother, Javed Haider in the role of Dhaniram, Garima Agarwal as Maya and Salim Mullanwar in the role of Rana have also impressed. S Srinivas proved to be an excellent director - S Srinivas' direction is precise. DOP Raj Shekhar Naidu has done great camerawork. Music director Day Chauhan and lyricist Sanjit Nirmal have prepared excellent songs. There is novelty in writer Rashid Kanpuri's story. Action master Mukesh Rathore has designed some amazing stunts. -Love is Forever Review Just as the year 2024 was a horror comedy year for the box office. In the same way, the year 2025 is also ready to make a blast. People loved Munjya Stree 2 and Bhool Bhulaiyaa 3 released last year. Now the makers have similar expectations from Love is Forever coming in the new year.




# Amidst the news of divorce, will Yuzvendra Chahal be a part of Bigg Boss 18, will there be a discussion on the relationship with Dhanashree?

There is going to be more drama in the controversial TV show Bigg Boss 18. If reports are to be believed, this time cricketer Yuzvendra Chahal is going to come in the Weekend Ka War episode. During this, Shreyas Iyer will also be seen with him. Although there is no official information about the entry yet, but if this happens then it will definitely benefit the TRP of the show. Yuzvendra Chahal will be seen on Salman's show, did he unfollow on Instagram? - He was married to Dhanashree in the year 2020. Indian cricketer Yuzvendra Chahal is in the news these days. However, the reason for this is not his bowling skills or IPL performance but personal relationships. Actually, for the past few days, there is a rumor that Chahal and his wife Dhanashree are going to get divorced. Chahal will be seen in Bigg Boss - Now in the meantime, news is coming that the cricketer can be seen in the controversial reality show Bigg Boss with his friend Shreyas Iyer. According to the report of Tele Chakkar, the cricketer will be seen in the Weekend Ka War episode. There is no information about why Chahal is coming on the show, but it will be interesting to see what Chahal says about his divorce rumours? Photos were deleted from social media - In the past few days, this rumour got more air when it was seen that Dhanashree and Chahal have unfollowed each other on Instagram. Apart from this, Yuzvendra has deleted all those pictures from his social media account in which Dhanashree was with him. However, choreographer Dhanashree still has some photos. Now it will be seen whether the cricketer is coming to hype the upcoming IPL season or to discuss his relationship. Three contestants have been nominated, while talking about Bigg Boss 18, the show has reached its final stage. Its finale is to be held on January 19. Now every contestant is putting all his strength to make it to the finale. During the nomination task, Rajat Dalal, Shrutika Arjun and Chahat Pandey have been nominated for this week. How did the love story begin? -Javendra Chahal had an intimate wedding with Dhanashree Verma in Gurugram in December 2020. Dhanashree is a dentist and choreographer living in Mumbai. Their love story began when Chahal signed up for Dhanashree's YouTube dance class. The two spent time together and fell in love.